राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.vishalindia.in



# विशाल इंडिया

सच्चाई की राह पर!

गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

वर्ष : 14
अंक : 287
पृष्ठ : 08
गौतमबुद्धनगर
बुधवार 10 सितंबर 2025
मूल्य :2 /-
RNI No .UPHIN/2014/55236

मुख्य अपडेट
पेज 3 रूम पार्टनर ने की एमबीए छात्र की हत्या
पेज 4 जिलाधिकारी ने आपदा राहत सामग्री से भरे ट्रकों को हरी झंडी
पेज 6 एशिया कप : सभी मैच अबू धाबी में खेलना आदर्श नहीं, मैच से

## संक्षिप्त खबरें

### गुरुग्राम में युगांडा की युवती के शव पोस्टमॉर्टम

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम में नग्न हालत में मिले युगांडा की युवती के शव का तीसरे दिन डॉक्टरों के बोर्ड द्वारा पोस्टमॉर्टम करवाया गया। युगांडा एंबेसी के अधिकारियों की मौजूदगी में शव सौंपा गया। शव को युगांडा ले जाया जाएगा। इसके लिए एंबेसी के अधिकारियों ने व्यवस्था की है। दरअसल रविवार सुबह आईएमटी मानेसर चौक फ्लाईओवर के नीचे मिली युगांडा की युवती का नग्न अवस्था में खून से लथपथ शव मिला था। तीन दिन बीत जाने के बावजूद मृतका की मौत की वजह पता नहीं चल सकी है। अब पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद उसकी मौत से पर्दा हटेगा।

### अंबाला के विशाल मेगा मार्ट में 2 फ्लोर जले

**अंबाला।** हरियाणा के अंबाला में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे देश की प्रमुख हाइपरमार्केट चेन, विशाल मेगा मार्ट के शोरूम में आग लग गई। आग ने थोड़ी ही देर में पूरे मॉल को चपेट में ले लिया। लोगों को इसका पता तब चला, जब मॉल के शीशे आग की गर्मी से चटककर गिरने शुरू हुए और धुआं बाहर निकलने लगा। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 3 गाड़ियां मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाने की कोशिश शुरू कर दी। हालांकि, आग ज्यादा फैल जाने से इस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड की 5 और गाड़ियां बुलाई गईं, जिनकी मदद से आग पर काबू पाया जा सका।



### हैप्पी मॉर्निंग


गर्लफ्रेंड से ब्रेकअप के बाद लड़का रोता हुआ
मंदिर में जाकर भगवान से बोला- बिछड़ा यार मिला दे ओ रब्बा
भगवान बोले- बगल में हनुमान मंदिर है, वहीं जाकर प्राथमिकी दर्ज कराओ
माता सीता को उन्होंने ही ढूंढा था......



### शायरी

खतम हो गई कहानी, बस कुछ अलफाज बाकी हैं
एक अधूरे इश्क की एक मुकम्मल सी याद बाकी है

### अर्थसार



सेंसेक्स:
81,101.32
+314.02 (0.39%)
निफ्टी:
24,868.60
+95.45

### मौसम



अधिकतम : 34 डिग्री से0
न्यूनतम : 26 डिग्री से0
सूर्योदय गुरुवार : 6 : 08
सूर्यास्त बुधवार : 6 : 29

# नेपाल हिंसा : पूर्व पीएम की पत्नी को जिंदा जलाया, मौत

**पीएम ओली का इस्तीफा, संसद भवन में घुसे प्रदर्शनकारी, सुरक्षाबलों के हथियार लूटे**







**काठमांडू।** नेपाल में हिंसक प्रदर्शनों से हालात बिगड़ गए हैं। प्रदर्शनकारियों ने संसद, पीएम, राष्ट्रपति के निजी आवास में आग लगा दी और सुरक्षा बलों से उनके हथियार छीन लिए। उन्होंने 3 पूर्व पीएम के घर पर हमला भी किया।

पूर्व पीएम झालानाथ खनाल के घर में आग लगा दी। इसमें उनकी पत्नी राजलक्ष्मी चित्रकार गंभीर रूप से जल गईं। उन्हें तुरंत कीर्तिपुर बर्न अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई।

उधर, पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा को उनके घर में घुसकर पीटा, जबकि वित्त मंत्री विष्णु पौडेल को काठमांडू में उनके घर के पास दौड़ा-दौड़ाकर मारा गया। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में एक प्रदर्शनकारी उनके सीने पर लात मारते हुए दिख रहा है।

देश में जारी हिंसक हिंसक घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने पद से इस्तीफा दे दिया। सेना का एक हेलिकॉप्टर उन्हें सुरक्षित स्थान पर ले गया। राजधानी काठमांडू और आसपास के इलाकों में झड़पों और आगजनी में अब तक 22 लोग मारे जा चुके हैं, जबकि 400 से ज्यादा लोग घायल हैं।

नेपाल में प्रदर्शनकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड का घर जला दिया है।

इससे पहले उन्होंने दो और पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर दोउबा और झालानाथ खनाल का घर भी जला दिया था।

### नेपाल से लगे बॉर्डर इलाके में यूपी पुलिस हाईअलर्ट पर

नेपाल में जारी हिंसा को देखते हुए उत्तर प्रदेश पुलिस ने नेपाल से लगे बॉर्डर इलाकों में हाईअलर्ट जारी किया है। यूपी पुलिस के डीजीपी राजीव कृष्ण ने इसे लेकर आदेश जारी किया। वहीं, नेपाल में फंसे भारतीयों के लिए कंट्रोल रूम बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप नंबर भी जारी किया गया।

# सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे

### एनडीए कैंडिडेट को 452 वोट मिले, इंडिया के बी सुदर्शन रेड्डी को 152 वोट से हराया



**नई दिल्ली।** सीपी राधाकृष्णन देश के 15वें उपराष्ट्रपति होंगे। एनडीए उम्मीदवार राधाकृष्णन को प्रथम वरीयता के 452 वोट मिले। वहीं इंडिया के कैंडिडेट सुदर्शन रेड्डी को प्रथम वरीयता के 300 वोट मिले। राधाकृष्णन ने 152 वोटों के अंतर से जीत दर्ज की।

कांग्रेस ने इंडिया के 315 सांसदों के वोट का दावा किया था, हालांकि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को 15 वोट कम मिले। बीआरएस और बीजेडी ने चुनाव में भाग नहीं लिया, जबकि राज्यसभा में बीआरएस के 4 और बीजेडी के 7 सांसद हैं। लोकसभा में इकलौते सांसद वाले शिरोमणि अकाली दल ने भी पंजाब में बाढ़ के चलते वोट डालने से इनकार कर दिया।

धनखड़ ने 21 जुलाई को खराब सेहत का हवाला देकर उपराष्ट्रपति पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। उनका कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

#### खड़गे बोले- उम्मीद है नए उपराष्ट्रपति दबाव में काम नहीं करेंगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- यह एक चुनाव से कहीं बढ़कर था, यह विचारधारा की लड़ाई थी। हमें उम्मीद है कि नए निर्वाचित उपराष्ट्रपति संसदीय परंपराओं के मूल्यों को बनाए रखेंगे।

विपक्ष के लिए समान स्थान और सम्मान सुनिश्चित करेंगे, और सत्ताधारी दल के दबाव में नहीं आएंगे।

### पंजाब के 23 और गुजरात के 3 जिलों में बाढ़

**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** पंजाब के सभी 23 जिले अभी भी बाढ़ की चपेट में हैं। नदियां अभी भी उफान पर हैं। लुधियाना में खतरा अब भी बना हुआ है। जबकि, अन्य जिलों में सरकार, प्रशासन व समाजसेवी संस्थाओं की तरफ से टूटे व क्षतिग्रस्त बांधों को भरने का काम तेज किया गया है। बिहार में मानसून के एक बार फिर एक्टिव है। मंगलवार को 6 जिलों में तेज बारिश हुई। पटना में कुछ इलाकों में बूंदाबांदी हुई। वहीं, खगड़िया में आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला की मौत हो गई और उसके पति की हालत गंभीर है। हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के आनी में लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया। हिमाचल प्रदेश में मानसून ने 20 जून से 370 लोगों की जान ले ली है।

# लद्दाख में हिमस्खलन, 3 जवान शहीद

### कुल्लू में लैंडस्लाइड, 5 की मौत; दिल्ली में 4 मंजला इमारत ढही



**नई दिल्ली/ भोपाल/ लखनऊ।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में सोमवार रात लैंडस्लाइड से टूटे घर में एक ही परिवार के 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोगों को सुरक्षित निकाला गया।

लद्दाख के सियाचिन में सेना के बेस कैम्प में हिमस्खलन के बाद तीन जवान शहीद हो गए। एक कैप्टन को बचा लिया गया है। शहीद जवान महार रेजिमेंट के हैं। बचाव दल के सैनिक लगभग 5 घंटे तक बर्फ में फंसे रहे।

उत्तर दिल्ली के पंजाबी बस्ती इलाके में सोमवार देर रात 4 मंजिला इमारत अचानक ढह गई। घटना के समय इमारत खाली थी, लेकिन कुछ वाहन मलबे में दब गए।

गुजरात के अहमदाबाद में सोमवार रात बाइक सवार कपल पानी भरी सड़क से गुजर रहा था।

रास्ते में गड्ढे में करंट का तार था, जिसकी चपेट में आने से दोनों की मौत हो गई। घटना का वीडियो भी सामने आया है।

राजस्थान में इस मानसून सीजन राज्य के इतिहास की दूसरी सबसे ज्यादा बारिश 693.1 मीमी हुई है। 108 साल पहले 1917 में 844.2 मीमी बारिश दर्ज हुई थी। अब तक राज्य के 63 प्रतिशत बांध फुल हो चुके हैं।

#### यूपी के मथुरा-वृंदावन में यमुना उफान पर, मंदिर-परिक्रमा मार्ग डूबे

यूपी में गंगा, यमुना समेत सभी बड़ी नदियां उफान पर हैं। हथिनी कुंड बैराज से पानी छोड़े जाने के बाद मथुरा के वृंदावन में हालात बिगड़ गए हैं। 50त्न इलाका बाढ़ प्रभावित है। राधा वल्लभ मंदिर में पानी भर गया। वृंदावन का परिक्रमा मार्ग पूरी तरह डूब चुका है। बांके बिहारी मंदिर से यमुना की दूरी 600 मीटर है, लेकिन अब महज 100 मीटर रह गई। वर्तमान में प्रदेश में लगभग 48 जिले बाढ़ की चपेट में है।

# पटना में टीआरई-4 कैंडिडेट्स पर लाठीचार्ज, दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

### वाटर कैनन भी चलाया; मजिस्ट्रेट के पैर पकड़कर बोले अभ्यर्थी- एसीएस से मिलवा दीजिए

▸ पुलिस की कार्रवाई में कई अभ्यर्थियों को चोट आई है, कुछ कैंडिडेट्स को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है।

**पटना।** बिहार में मंगलवार को टीआरई-4 को लेकर प्रदर्शन कर रहे कैंडिडेट्स पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। अभ्यर्थियों को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया। पुलिस ने वाटर कैनन का भी इस्तेमाल किया।

पुलिस की कार्रवाई में कई अभ्यर्थियों को चोट आई है। कुछ कैंडिडेट्स को पुलिस ने हिरासत में भी लिया है। 1 बजे से कैंडिडेट्स डाकबंगला चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे। साढ़े 3 घंटे बाद पुलिस ने डाकबंगला चौराहा खाली करवा लिया है। वहीं, पुलिस ने छात्र नेता दिलीप समेत 10 लोगों हिरासत में लिया गया है। सभी कोतवाली थाने पर है।

इससे पहले अभ्यर्थियों को समझाने के लिए मजिस्ट्रेट एमएच खान को बुलाया गया। कैंडिडेट्स ने उनके पैर पकड़ लिए। वो एसीएस से मिलवाने की गुहार लगाने लगे। फिर 5 अभ्यर्थियों को शिक्षा विभाग के एसीएस से बातचीत करने के लिए भेजा गया है।



पुलिस ने डाकबंगला पर 3 लेयर में बैरिकेडिंग की थी। कैंडिडेट्स बैरिकेडिंग तोड़कर आगे बढ़ने की कोशिश करने लगे। पुलिस के जवान आंसू गैस के गोले लेकर खड़े दिखे। कैंडिडेट्स यहां से सीएम हाउस जाने की कोशिश कर रहे थे।

इससे पहले गांधी मैदान में पुलिस ने अभ्यर्थियों को रोकने की कोशिश की। दोनों के बीच झड़प भी हुई। पुलिस को धक्का देकर कैंडिडेट्स डाकबंगला चौराहे की ओर बढ़ गए।

अभ्यर्थियों की मांग है कि सरकार 15 सितंबर से पहले 1.20 लाख पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी करे। कैंडिडेट्स सीटों की कटौती का विरोध कर रहे हैं। प्रदर्शन में करीब 6 हजार अभ्यर्थी शामिल हैं।

### जम्मू-कश्मीर में आप विधायक की गिरफ्तारी का विरोध

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डोडा से आप विधायक मेहराज मलिक की गिरफ्तारी के विरोध में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने डोडा और जम्मू-कश्मीर के अन्य हिस्सों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद जिले में पुलिस और सुरक्षाबलों की तैनाती की गई है। मलिक की रिहाई के समर्थन में नारे लगाते हुए उनके सैकड़ों समर्थकों ने भाट्यास गांव से मार्च निकाला और 'डोडा चलो' आंदोलन शुरू किया है। जिला मुख्यालय आ रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस के रोकने पर पत्थरबाजी की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने आंसू गैस के गोले दागे। इलाके में माहौल तनावपूर्ण होने पर बड़ी संख्या में सुरक्षा बल तैनात किए गए हैं। जिला प्रशासन ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 लागू कर दी है।

# हाईकोर्ट बोला- ऑफिस में महिलाओं का सेक्सुअल हैरेसमेंट हो रहा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा- भले ही सख्त कानून बने हों, लेकिन ऑफिस में महिलाओं के साथ सेक्सुअल हैरेसमेंट अभी भी हो रहा है। क्यों पुरुषों की सोच नहीं बदली है। वर्क-प्लेस पर सेक्सुअल हैरेसमेंट का जम्मू-कश्मीर से जुड़े मामले में सुनवाई को दौरान जस्टिस नीना बंसल कृष्णा ने कहा- एक महिला चाहे घर हो या ऑफिस हमेशा डर, शिष्टाचार और माफी के बीच जीती है।

उन्होंने कहा कि शेक्सपियर की कविता महिलाओं की जिंदगी को सही ढंग से बयां करती हैं। आगे पंक्तियां पढ़ी, पहले मेरा डर, फिर मेरा शिष्टाचार, और आखिर में मेरी बात। मेरा डर आपका नाराज होना है, मेरा शिष्टाचार मेरा कर्तव्य और मेरी बात आपसे माफी मांगने के लिए।

#### अब पूरा मामला समझिए

यह केस जम्मू-कश्मीर के एक सरकारी अधिकारी आसिफ हमीद खान से जुड़ा है। उसपर दिसंबर 2014 में एक महिला ने शिकायत दर्ज कर सेक्सुअल हैरेसमेंट और धमकी देने का आरोप लगाया था। आसिफ हमीद खान ने हाईकोर्ट में अपील दायर करके कहा कि विभागीय जांच में उन्हें पहले ही बरी कर दिया गया है। इसके अलावा, पुलिस ने केस में क्लोजर रिपोर्ट भी दाखिल कर दी थी। इसके बावजूद ट्रायल कोर्ट ने उन्हें समन जारी कर दिया। खान ने इसी आदेश को चुनौती दी थी।

# हाईकोर्ट बोला- शिक्षित महिला नहीं कह सकती वह गुमराह है

▸ अगर मर्जी से शादीशुदा पुरुष से संबंध रखती है तो फैसले के लिए खुद जिम्मेदार

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने मंगलवार को कहा कि एक शिक्षित और स्वतंत्र महिला अपनी मर्जी से एक शादीशुदा पुरुष के साथ संबंध रखती है, तो वह यह दावा नहीं कर सकती कि उसे गुमराह या शोषित किया जा रहा है।

हाईकोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति के खिलाफ दर्ज स्नढ्ढक्रको खारिज करते हुए सुनाया, जिस पर शादी का झांसा देकर, धोखाधड़ी और ठगी के साथ-साथ शिकायतकर्ता ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा ने रेप का मामला खारिज करते हुए कहा- शिकायतकर्ता को पता था कि आरोपी ने किसी और से शादी कर ली है, फिर भी वह उसके साथ स्वेच्छा से रही और यौन संबंध बनाए रखे।

ये परिस्थितियां पुष्ट करती हैं कि दोनों पक्षों के बीच संबंध सहमति से थे और शादी के झूठे वादे से प्रेरित नहीं थे। ऐसे मामलों में वयस्कों को अपनी मर्जी से लिए गए फैसलों की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।

कोर्ट का यह फैसला 3 सितंबर को आया था, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। महिला ने दावा किया था कि आरोपी ने शादी का वादा करके कई बार उसका रेप किया और बाद में दूसरी महिला से शादी कर ली।

**सुसाइड** — बेटा बोला-दिनभर टीईटी की बात करते थे, इतना प्रेशर पड़ा कि जान दे दी

# यूपी में टीईटी से डरकर सरकारी प्रिंसिपल ने फांसी लगाई

**महोबा।** महोबा में 49 साल के प्राइमरी स्कूल के प्रिंसिपल ने सुसाइड कर लिया। सोमवार को उनका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। बेटे ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के टीईटी अनिवार्यता आदेश के बाद तनाव में थे। इस वजह से उन्होंने जान दी।

हालांकि, बीएसए राहुल मिश्रा का कहना है- उनकी कुछ घरेलू समस्या रही होगी।

टीईटी परीक्षा के लिए अभी शासनादेश और नियमावली नहीं आई है। कुछ लोग टीईटी को बीच में लाकर बिना वजह मामले को तूल दे रहे।

प्रिंसिपल ने सोमवार सुबह 4: 17 बजे उन्होंने वॉट्सऐप ग्रुप में 'गुड मॉर्निंग' मैसेज भेजा और योग करने छत पर चले गए। काफी देर तक नीचे नहीं लौटे तो पत्नी देखने गई। वहां कमरे में वह फंदे पर लटके थे।

पत्नी ने शोर मचाकर परिजनों को बुलाया। परिजन उन्हें फंदे से उतारकर अस्पताल ले गए। वहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम मनोज कुमार साहू था। वे शहर कोतवाली क्षेत्र के गांधीनगर मुहाल में रहते थे।



मनोज के पिता बाबूराम साहू भी शिक्षक थे। 30 साल पहले हार्टअटैक से उनकी मौत हो गई थी। मनोज को मृतक आश्रित कोटे से टीचर की नौकरी मिली थी। वह पूर्व माध्यमिक विद्यालय कंपोजिट प्रेमनगर में प्रिंसिपल थे। दो महीने पहले ही यहां ट्रांसफर होकर आए थे। इससे पहले, मामना के जूनियर विद्यालय कंपोजिट में थे।

#### पति का शव देखकर पत्नी बेहोश हुई

मनोज कुमार मूलरूप से सदर तहसील के भडरा गांव के रहने वाले थे। कई साल से वे शहर के गांधी नगर इलाके में रह रहे थे। परिवार में पत्नी चंद्रवती (48) और दो बेटे- सूर्यांश (22) और दिव्यांश (19) हैं। पत्नी ने बताया- सोमवार सुबह करीब 4 बजे पति उठे। इसके बाद छत पर योग करने चले गए। काफी देर तक नीचे नहीं लौटे तो मैंने आवाज दी। जवाब न मिलने पर मैं छत पर देखने गई। वहां जाकर देखा तो पति का शव फंदे से लटक रहा था। घरवालों का कहना है कि पति का शव देखकर पत्नी चीखने लगी और बेहोश होकर गिर पड़ी। शोर सुनकर हम लोग दौड़कर पहुंचे और उन्हें फंदे से उतारा। तुरंत अस्पताल लेकर पहुंचे, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। परिजनों का कहना है कि मनोज घर की जिम्मेदारियों और नौकरी की चिंता में रहते थे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद टीईटी परीक्षा पास करना अनिवार्य हो गया था। इसी वजह से वह तनाव में थे। इसके चलते ही उन्होंने जान दी।

# संपादकीय

## 'जब जनता उठती है, तो तख्त कांपते हैं : नेपाल से भारत को सबक'



जितेन्द्र चौधरी, प्रधान संपादक, विशाल इंडिया हिंदी दैनिक

### नेपाल का जनविद्रोह : एक चेतावनी की घंटी

9 सितंबर 2025 को नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को इस्तीफा देना पड़ा। वजह केवल सत्ता संघर्ष नहीं थी, बल्कि एक जन-क्रांति थी। भ्रष्टाचार, महंगाई और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध ने जेनरेशन जेड के युवाओं को सड़कों पर ला दिया। संसद का घेराव, सरकारी इमारतों में आगज़नी, कर्फ़्यू की अवहेलना और पुलिस गोलीबारी में 22 मौतें—ये केवल राजनीतिक अस्थिरता नहीं, बल्कि जनता के धैर्य के टूटने का परिणाम था।

### भारत और नेपाल की समान चुनौतियाँ

भारत और नेपाल केवल पड़ोसी नहीं, बल्कि सामाजिक और राजनीतिक रूप से गहराई से जुड़े हुए हैं। नेपाल की घटनाओं का असर भारत के लिए चेतावनी है क्योंकि दोनों देशों में समान संकट मौजूद हैं :

**1.** बेरोज़गारी और महंगाई – भारत की 65 प्रतिशत युवा आबादी लगातार रोजगार संकट से जूझ रही है। CMIE के ताज़ा आंकड़े बताते हैं कि युवाओं में बेरोज़गारी दर 17 प्रतिशत से ऊपर है।

**2.** भ्रष्टाचार और घोटाले – बैंक घोटाले, चुनावी बॉन्ड, और कंपनियों को बचाने वाले क़ानून—इन सबने जनता का भरोसा डगमगाया है।

**3.** सोशल मीडिया और असहमति का दमन – सीएए आंदोलन, किसान आंदोलन और हालिया छात्र विरोधों ने दिखाया है कि भारत का युवा भी सड़क पर उतरने से नहीं डरता।

**4.** वोट चोरी और चुनावी धांधली – यह नया संकट है। विपक्षी दल लगातार सवाल उठा रहे हैं कि चुनाव आयोग और सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग कर मतपेटियाँ लूटी जा रही हैं। लोकतंत्र की बुनियाद ही तब हिल जाती है जब जनता का वोट जनता तक नहीं, बल्कि सत्ता के दरबार तक पहुँच जाता है।

### इतिहास की गवाही

- 1975 का भारत का आपातकाल दिखा चुका है कि जब जनता उठ खड़ी होती है तो तानाशाहों की कुर्सी बचाना नामुमकिन होता है।
- 2006 में नेपाल की जनता ने राजशाही को उखाड़ फेंका था।
- अरब देशों में 2011 का अरब स्प्रिंग याद कीजिए—ट्यूनीशिया से शुरू हुई लहर ने मिस्र तक के तख़्त हिला दिए।
- श्रीलंका में 2022 में महंगाई और भ्रष्टाचार ने राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे को भागने पर मजबूर कर दिया।

इतिहास बार-बार साबित करता है कि जब युवा उठते हैं, सत्ता ढह जाती है।

### लोकतंत्र बनाम दमन

नेपाल सरकार ने जब सोशल मीडिया पर रोक लगाई, तो यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला माना गया।

भारत में भी अगर यही राह अपनाई गई—आवाज़ दबाने, पत्रकारों पर मुक़दमे, आंदोलनों पर लाठियाँ और चुनावों में वोट चोरी—तो नतीजा वही होगा जो नेपाल में हुआ :

'जनता बनाम सत्ता का सीधा टकराव।'

### राजनीति और विदेश नीति पर असर

भारत में 2024 का चुनाव किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत न मिलने और गठबंधन राजनीति पर निर्भरता को दर्शाता है। अगर असंतोष गहराया और जनता को लगा कि वोट की चोरी हो रही है, तो अस्थिर सरकारें टिक नहीं पाएंगी।

उधर नेपाल में आंदोलन अगर भारत-विरोधी रूप लेने लगे, तो सीमा विवाद और विदेश नीति दोनों पर दबाव बढ़ेगा।

### निष्कर्ष : सबक या तख्ता पलट?

नेपाल की आग भारत के लिए आईना है।

भारत के हुक्मरानों को समझना होगा कि—

- रोजगार और शिक्षा सुधार ही स्थिरता की गारंटी हैं।
- भ्रष्टाचार और वोट चोरी पर लगाम लोकतंत्र की मजबूती है।
- जनता की आवाज़ दबाना सत्ता को और कमजोर करता है।

**अगर सुधार नहीं हुए तो कल भारत की सड़कों पर भी यही नारे गूंज सकते हैं:**

**'तख़्ता पलट! वोट वापस दो! तख़्ता पलट!'**

## दु:खी युवा पीढ़ी

दशकों मान्यता रही है कि समाज का मिडल ऐज ग्रुप दुखी व तनाव में और युवा व बुजुर्ग प्रसन्न रहते हैं। लेकिन हालिया प्रकाशित एक अध्ययन ने बताया कि दुख की शुरुआत अब युवा अवस्था में हो रही है। अमेरिका, ब्रिटेन, एशिया, अफ्रीका समेत मध्यपूर्व के 44 देशों में यह ट्रेंड देखा गया है। जिसमें भविष्य की अनिश्चितता व कार्य परिस्थितियों का दबाव तो है मगर बड़ा कारक सोशल मीडिया बताया जा रहा है। दरअसल, लगातार सोशल मीडिया से जुड़े रहने और यथार्थ से दूर रहने के कारण युवा जीवन की वास्तविक स्थितियों का मुकाबला नहीं कर पा रहे हैं। आभासी मीडिया उन्हें बड़े-बड़े सपने तो दिखाता है, लेकिन जीवन की कठोर सच्चाई से अवगत नहीं कराता है। यही वजह है कि जहां पहले मिड ऐज ग्रुप यानी 40 से 50 आयु वर्ग दुखी माना जाता था, उसके स्थान पर दुख की शुरुआत अब युवा उम्र से ही होने लगी है। हालिया, ग्लोबल माइंड प्रोजेक्ट के आंकड़ों में, अफ्रीका, यूरोप, लैटिन अमेरिका, एशिया, अमेरिका व मिडल ईस्ट के 44 देशों का अध्ययन बताता है कि बुजुर्गों की तुलना में युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य ज्यादा खराब है। वेब आधारित इस सर्वे में पर्याप्त डेटा जुटाया गया था। जो बताता है कि यह ट्रेंड केवल विकसित देशों में ही नहीं है, बल्कि वैश्विक स्तर पर है। आंकड़े बताते हैं कि हर नई पीढ़ी अब पहली के मुकाबले ज्यादा तनाव में है। वहीं दूसरी तरफ अमेरिका व ब्रिटेन में किए गए एक अन्य सर्वे में कम पढ़े-लिखे युवा कर्मियों में अवसाद ज्यादा पाया गया है। पहले मान्यता रही है कि नौकरीपेशा लोगों में नौकरी मिलने के बाद तनाव कम होता है, लेकिन आज हकीकत ठीक इसके विपरीत है। ब्रिटेन के एक सर्वे में कहा गया है कि साल 2016 के बाद चालीस से कम उम्र के युवाओं में चिंता व अवसाद पहले के मुकाबले ज्यादा हो गया है। वैसे यह भी हकीकत है कि जिन देशों में रोजगार की स्थिति बेहतर है, वहां मानसिक सेहत में सुधार हुआ है। दरअसल, तमाम अध्ययन बता रहे हैं कि सोशल मीडिया में लगातार सक्रियता युवाओं को वास्तविक सामाजिक जीवन से दूर कर रही है। वे कृत्रिम जीवन में जी रहे हैं। जब हम समाज व मित्रों के बीच सक्रिय रहते हैं तो बातचीत से तनाव मुक्त रह सकते हैं। देर रात तक सोशल मीडिया पर सक्रिय रहने से युवाओं का नींद का चक्र बुरी तरह से प्रभावित हो रहा है। आभासी मित्रता के बजाय आमने-सामने की बातचीत सेहत के लिये ज्यादा लाभकारी होती है। यह जीवन की हकीकत है कि हमारे जीवन में योगदान देने वालों के प्रति यदि हम कृतज्ञता का भाव रखते हैं तो हमारा जीवन- व्यवहार सहज हो जाता है। मनोवैज्ञानिकों का कहना है कि हम जिन चीजों के प्रति कृतज्ञ हैं, उनके बारे में लिखने से हमारा नजरिया बदलता है।

विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस - 10 सितम्बर, 2025

# निराशा से आशा की ओर : आत्महत्या के खिलाफ जंग

- ललित गर्ग -



दुनिया में आत्महत्या आज एक गहरी एवं विडम्बनापूर्ण वैश्विक चुनौती बन चुकी है। हर साल लाखों लोग अपनी ही जिंदगी से हार मान लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल लगभग 7.2 लाख लोग आत्महत्या करते हैं। यह सिर्फ व्यक्तिगत त्रासदी नहीं बल्कि सामाजिक, भावनात्मक और आर्थिक संकट भी है। 15 से 29 वर्ष की आयु वर्ग में मृत्यु का चौथा सबसे बड़ा कारण आत्महत्या है। यही वजह है कि हर साल 10 सितंबर को विश्व आत्महत्या रोकथाम दिवस मनाया जाता है। 2024 से 2026 तक इसकी थीम चेंजिंग द नैरेटिव ऑन सुसाइड रखी गई है, जिसका उद्देश्य है आत्महत्या पर खामोशी तोड़कर इसे एक निष्क्रिय विषय से संवाद और सहयोग का सक्रिय विषय बनाना। आत्महत्या पर दृष्टिकोण का यह बदलाव आत्महत्या के बारे में लोगों की सोच और बातचीत के तरीके को चुनौती देता है, खुले और ईमानदार संवाद को बढ़ावा देता है जो कलंक को तोड़ता है और समझ को बढ़ावा देता है। आत्महत्या के अलावा जीवन में और भी बेहतर विकल्प हैं। इसके अलावा एक ऐसी समाज-व्यवस्था को बढ़ावा देना है जहां लोग मदद लेने में हिचहिचाए नहीं, बल्कि एक-दूसरे के सहयोग के लिये आगे आये। निश्चित रूप से खुदकुशी सबसे तकलीफदेह हालात के सामने हार जाने का नतीजा होती है और ऐसा फैसला करने वालों के भीतर वंचना का अहसास, उससे उपजे तनाव, दबाव और दुख का अंदाजा लगा पाना दूसरों के लिए मुमकिन नहीं है। आत्महत्या शब्द जीवन से पलायन का डरावना सत्य है जो दिल को दहलाता है, डराता है, खौफ पैदा करता है, दर्द देता है।

आत्महत्या जीवन की सबसे बड़ी त्रासदी है, यह मनुष्य होने के अर्थ और गरिमा को धूमिल करती है। जब जीवन जीने का साहस कमज़ोर पड़ता है तो व्यक्ति निराशा और अंधकार में डूबकर स्वयं को समाप्त करने की ओर बढ़ता है। वैश्विक स्तर पर यह एक गंभीर समस्या है, दुनिया भर से आते नए आंकड़े इस चुनौती की गंभीरता को और उजागर करते हैं। 2021 में अनुमानित 7.27 लाख आत्महत्याएं हुईं और विश्व में हर 43 सेकेंड में कोई एक व्यक्ति खुदकुशी कर रहा है। 73 प्रतिशत आत्महत्याएं निम्न एवं मध्यम आय वाले देशों में होती हैं और सबसे अधिक असर युवा और गृहिणियों पर पड़ता है। भारत में राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की 2021 की रिपोर्ट बताती है कि आत्महत्या करने वाली महिलाओं में 51.5 प्रतिशत गृहिणियां थीं। आत्महत्या की दर दो दशकों में 7.9 से बढ़कर 10.3 प्रति एक लाख हो गई है। उत्तराखंड जैसे राज्यों में पारिवारिक कलह आत्महत्या का बड़ा कारण है। युवा वर्ग की महत्वाकांक्षा क्षमता से अधिक हो चुकी है, पारिवारिक सामंजस्य खत्म हो गया है, असफलता का डर और तनाव सहने की क्षमता कम हो गई है। यही कारण है कि पढ़ाई के दबाव, नौकरी में असफलता, रिश्तों के टूटने और आर्थिक अभाव से युवा और किशोर आत्महत्या की ओर धकेले जा रहे हैं।

भारत में स्थिति और भी चिंताजनक है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो ( एनसीआरबी ) की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2022 में भारत में 1,70,924 आत्महत्याएं दर्ज की गईं, जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है और आत्महत्या दर 12.4 प्रति लाख जनसंख्या रही। यह दर पिछले वर्षों की तुलना में सर्वाधिक है। इनमें 18 से 45 वर्ष की आयु के लोगों की संख्या दो-तिहाई से अधिक है, जो दर्शाता है कि देश का युवा और कार्यशील वर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित है। राज्यवार आंकड़े भी चिंताजनक हैं-सिक्किम में आत्महत्या दर लगभग 43 प्रति लाख रही जबकि बिहार में यह 1 से भी कम है। आत्महत्या के पीछे अनेक सामाजिक, आर्थिक और मानसिक कारण जुड़े हुए हैं। बेरोज़गारी, गरीबी, पारिवारिक कलह, असफल प्रेम, नशे की लत और बीमारियां इसका बड़ा कारण बन रही हैं। मानसिक रोग और अवसाद ने इस समस्या को और गहरा किया है। एनसीआरबी के अनुसार 2018 से 2022 के बीच मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े कारणों से आत्महत्या के मामलों में 44 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। 2022 के आँकड़े बताते हैं कि आत्महत्या के प्रमुख कारणों में 33 प्रतिशत मामले पारिवारिक समस्याओं से जुड़े थे, लगभग 19 प्रतिशत मामले बीमारियों के कारण हुए, जबकि 6-7 प्रतिशत मामले विवाह सम्बन्धी समस्याओं और 6 प्रतिशत मामले ऋण और कर्ज़ से संबंधित थे। छात्र आत्महत्या का आंकड़ा भी बड़ा चिंताजनक है-2022 में यह कुल आत्महत्याओं का 7.6 प्रतिशत रहा। वैश्विक स्तर पर भी स्थिति गंभीर है, परंतु भारत में यह और ज्यादा जटिल इसलिए है क्योंकि यहां सामाजिक प्रतिस्पर्धा, उपभोक्तावादी जीवनशैली, परिवार का टूटता हुआ ढांचा और आर्थिक असमानता आत्महत्या की प्रवृत्ति को तेज़ कर रही है। आत्महत्या केवल एक जीवन का अंत नहीं है, बल्कि यह एक पूरे परिवार और समाज की आशाओं का विघटन है।

इस गंभीर समस्या से निपटने के लिए केवल व्यक्तिगत प्रयास पर्याप्त नहीं हैं बल्कि समाज और सरकार दोनों को संयुक्त रूप से कार्य करना होगा। भारत सरकार ने 2017 में मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम पारित करके आत्महत्या प्रयास को अपराध की श्रेणी से बाहर किया और 2020 में 'किरण' नामक राष्ट्रीय हेल्पलाइन शुरू की जो 13 भाषाओं में चौबीसों घंटे सहायता उपलब्ध कराती है। 2022 में राष्ट्रीय आत्महत्या रोकथाम रणनीति बनाई गई जिसका लक्ष्य 2030 तक आत्महत्या दर में 10 प्रतिशत की कमी लाना है। इसमें मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, परामर्श केंद्रों की स्थापना, रोजगार सृजन, परिवारिक संवाद को मजबूत करना, मीडिया की संवेदनशीलता और सामाजिक सहयोग जैसे उपायों पर जोर दिया गया है। साथ ही स्वयंसेवी संस्थाओं और हेल्पलाइन सेवाओं-जैसे आसरा, वंद्रेवाला, समैरिटन्स मुंबई-की भूमिका भी महत्वपूर्ण है। आत्महत्या को रोकने का सबसे बड़ा उपाय यही है कि व्यक्ति को निराशा के अंधकार में छोड़ने के बजाय उसके जीवन में आशा, साहस और सहयोग का संचार किया जाए क्योंकि कठिनाइयों का समाधान आत्महत्या में नहीं बल्कि संघर्ष, विश्वास और सहारा देने वाले समाज में है।


दुनिया का यह दुखद सच यह भी है कि चिकित्सा विज्ञान की प्रगति से बीमारियों से मरने वालों की संख्या घटी है पर आत्महत्या के कारण मरने वालों की संख्या बढ़ी है। भौतिकवादी जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा, अवसाद और असंतुलन ने मनुष्य को भीतर से खोखला बना दिया है। प्रसिद्ध कलाकार, जिनका सार्वजनिक जीवन में हंसता खेलता चेहरा दिखाई देता है, कभी अचानक आत्महत्या कर लेते हैं क्योंकि भीतर का अकेलापन और दबाव उन्हें जीने नहीं देता। सवाल यह है कि जिनके पास साधन और सहयोग की कमी नहीं, वे भी क्यों जिंदगी के उतार-चढ़ाव को बर्दाश्त नहीं कर पाते। किसानों की आत्महत्या, आर्थिक तंगी, व्यापार में नुकसान, रिश्तों का टूटना, तलाक और अभाव की स्थिति आत्महत्या की सबसे बड़ी जड़ें हैं। समाज और परिवार का विघटन भी व्यक्ति को असहाय बना देता है।

आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज के माथे पर कलंक है। टॉयनबी ने ठीक ही कहा है कि कोई भी संस्कृति हत्या से नहीं बल्कि आत्महत्या से मरती है। इस स्थिति को बदलना जरूरी है। सरकारों, संगठनों, समुदायों और परिवारों की जिम्मेदारी है कि वे संवाद और सहयोग की संस्कृति को बढ़ावा दें। जब कोई व्यक्ति संकट में हो तो परिवार, दोस्त, पड़ोसी और सहकर्मी उसे अकेला न छोड़ें बल्कि उसका हाथ थामें। हमें एक ऐसी सामाजिक संरचना बनानी होगी जहां मदद मांगना कमजोरी नहीं बल्कि साहस माना जाए। जहां तनाव और अवसाद को गंभीरता से समझा जाए और मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता मिले। जहां बच्चों को बचपन से ही संघर्षों से लड़ने की शिक्षा दी जाए और असफलताओं को जीवन का हिस्सा समझने का दृष्टिकोण विकसित किया जाए। आत्महत्या रोकथाम दिवस हमें यही संदेश देता है कि आत्महत्या से बचा जा सकता है, संवाद और सहयोग से जीवन बदला जा सकता है, और हर व्यक्ति को नई शुरुआत का अवसर दिया जा सकता है।

यह दिन हमें यह समझाने आता है कि जिंदगी कठिन जरूर है लेकिन जीने के विकल्प हमेशा मौजूद हैं।


# टाईम पास

## काकुरो पहेली - 3646



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए. किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणत:




### काकुरो - 3645 का हल



## लॉफिंग ज़ोन

रमन अपने दोस्त नरेश से बोला- क्या बात है, आजकल तुम्हारी प्रेमिका अक्सर चुप-चुप ही रहती है? तुमने उसे डाँटा क्या?

नरेश- नहीं यार! मेरी क्या मजाल है जो मैं उस डाँट सकूँ। दरअसल हुआ यूँ कि एक दिन हम दोनों फोटो खिंचवा रहे थे, तो फोटोग्राफर ने मेरी प्रेमिका से कहा 'जब आप चुप रहती हैं, तो एकदम कैटरीना की तरह दिखती है।'

□ □ □

एक भीड़ भरी खचाखच बस में एक युवती को जोर से धक्का लगा। युवती झल्लाई और पीछे खड़े युवक को चिल्ला कर बोली, जान वर हो क्या?

युवक ने रोमांटिक अंदाज में जवाब दिया- जान तो आप हैं, मैं तो बस आपका ही वर हूँ।


□ □ □

एक बार स्वीमिंग पुल के किनारे कपड़े रखे थे और वहाँ एक कागज का पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मेरे कपड़े मत चुराना- बॉक्सिंग चैंपियन रमन।

जब वह तैर कर बाहर निकला, तो देखा वहाँ से उसके कपड़े गायब थे और एक पुर्जा पड़ा था, जिस पर लिखा था- मुझे पकड़ने की कोशिश मत करना- मैराथन चैंपियन चमन।

□ □ □

## फिल्म वर्ग पहेली- 3646



### बायें से दायें:-

१. शशिकपूर, रेखा, नीना गुप्ता की 'सांझ ढले गगन तले' गीतवाली फिल्म-३
३. 'तेरी आंखों के सिवा' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा पारेख की फिल्म-३
५. संजय दत्त, मनीषा, रवीना की 'अंख लड़ती है तो' गीत वाली फिल्म-२
७. सलीम दुर्रानी व परवीन बाबी की बी. आर. इशारा निर्देशित फिल्म-३
८. आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
९. रवीना को किस फिल्म में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का राष्ट्री पुरस्कार मिला था-३
११. 'झूठे नैना बोले' गीत वाली फिल्म-३
१२. धर्मेन्द्र, सायराबानो की 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली फिल्म-२
१३. फिल्म 'मदर' में शीर्षक भूमिका किसने की थी?-२
१४. इच्छाधारी सांपों पर आधारित एक बहुसितारा फिल्म-३
१५. अक्षय, लारा, प्रियंका की 'किसी से तुम प्यार करो' गीत वाली फिल्म-३
१७. गुरूदत्त, वहीदा रहमान की फिल्म-२
१९. चंद्रचूड़, अरशद वारसी, तब्बू की 'पानी पानी रे' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'आओ तुम्हें चांद पे' गीत वाली सुनीलदत्त, आशा, रीना की फिल्म-२
२३. फिल्म 'विनाशक' में सुनील शेट्टी के साथ नायिका कौन थी?-३
२५. 'ओरी छोरी' गीत वाली फिल्म-३
२६. संजय, जैकी, शिल्पा, रवीना की फिल्म-२
२७. फिल्म 'ड्रीमगर्ल' की नायिका थी-२
२९. चंद्रचूड़, अरशद, मयूरी की फिल्म-३
३१. धर्मेन्द्र, हेमा की 'चोरों को सारे नजर आते हैं' गीत वाली फिल्म-२,३
३४. 'प्रहार' में डिम्पल का नायक?-२
३५. अजय, आफताब, विवेक, रितेश, लारा दत्ता, अमृताराव, तारा शर्मा, जेनीलिया की फिल्म-२

### ऊपर से नीचे:-

१. चंकी पांडे, जयाप्रदा, किमी की 'चीची वाला छल्ला' गीत वाली फिल्म-३
२. 'चांदा मामा दूर के' गीत वाली राजेंद्र कुमार, गीता बाली की फिल्म-३
३. अशोककुमार, मीनाकुमारी की 'मन रे तू काहे ना' गीत वाली फिल्म-४
४. 'आपकी याद आती' गीत वाली फारूख शेख, स्मिता पाटिल की फिल्म-३
६. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
१०. 'जुबां पे दर्द भरी' गीत वाली राजकुमार, माला सिन्हा की फिल्म-३
१२. 'बड़े मियां दीवाने' गीत वाली फिल्म-३
१५. संदीव कुमार और देवेन वर्मा दोनों की दुहरी भूमिकाओं वाली फिल्म-३
१६. 'रंग चला बहार चली' गीत वाली राजेश खन्ना, ऋषि, पूनम की फिल्म-३
१८. संजयदत्त, सलमान, माधुरी की 'बहुत प्यार करते है' गीत वाली फिल्म-३
२०. फिल्म 'तेरे नाम' का नायक?-४
२२. सायराबानो की पहली फिल्म जिसके नायक शम्मीकपूर थे-३
२४. 'चूड़ेवाली छमिया' गीत वाली सनी देओल, जयाप्रदा की फिल्म-३
२८. बलराज साहनी, नूतन की 'तू प्यार का सागर है' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'कोयल सी तेरी बोली' गीतवाली फिल्म-२
३०. फिल्म 'ताजमहल' की नायिका?-२
३२. रितिक, करीना की 'ऐरी रे ऐरी क्या है ये पहेली' गीत वाली फिल्म-२
३३. 'तेरे दिल की तू जाने' गीत वाली फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 3645



## सूडोकु -3646

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु -3645 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## शब्द पहेली - 3646



### बाएँ से दाएँ

1. पदमाकर, कमल सरोवर-5
4. इस्लामी धर्म ग्रंथ-3
6. देवस्थान, मंदिर-2
7. शिव आवास-3
8. उत्तम, सज्जन-2
10. पति, शोहर-3
11. दमकना-4
14. टीस, पीड़ा-3
16. झरने की आवाज-4
17. आशा, इच्छा-2
18. संध्या, शाम-2
19. निराकार, भगवान-4
21. बुझाना, शांति-3
22. अभिप्राय-4
24. आंचल-3
25. घोड़ागाड़ी-2
27. उष्ण-3
28. पिता के पिता-2
29. पंक्ति-3
30. तहजीबदार-5

### ऊपर से नीचे

1. कथा कहने वाला-5
2. चित, जी-2
3. कार्यशाला, यंत्रालय-4
4. माहिर, दक्ष-3
5. आकाश, गगन-2
7. कारावास-2
9. योग्य-3
12. अनुमान, अंदाज-3
13. झगड़ा, कहासुनी-4
15. मुगल सम्राट जहांगीर का एक नाम-3
16. पक्षियों का शोर-4
17. राहत, विश्राम -3
18. मुसीबत, आफत -3
20. होशियार, चेतावनी-5
21. नगर-3
22. संजीव कुमार व लीना चंदावरकर अभिनीत फिल्म
23. मगरमच्छ-3
24. दर, मूल्य-2
26. भूमि, धरती-2
28. पिता के पिता-2

### शब्द पहेली -3645 का हल



# रूम पार्टनर ने की एमबीए छात्र की हत्या

## हॉस्टल में वारदात, मर्डर के बाद खुद को भी गोली मारी, हालत गंभीर

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा में मैनेजमेंट के एक छात्र ने अपने साथी की गोली मारकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मार ली। गोली लाइसेंसी पिस्टल से मारी गई है। घायल छात्र को पास के ही प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया गया है।
सूचना मिलते ही पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक लाइसेंसी रिवॉल्वर, 4 जिंदा कारतूस, 2 खोखे, मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया है। फोरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य इकट्ठे किए हैं। पुलिस घटना के सभी एंगल पर जांच कर रही है। मामला नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र का है।


गोली लगने से घायल आगरा का देवांशु चौहान, जिसको उसी के दोस्त ने हॉस्टल में देर रात गोली मार दी।

### सोमवार रात हॉस्टल में अचानक चली गोली

आगरा के भगवान टॉकीज में रहने वाला देवांश चौहान (23) बीटेक इंस्टीट्यूट से PGDM की पढ़ाई कर रहा है। उसके साथ आंध्र प्रदेश के चिलकुलरी का रहने वाला दीपक कुमार (22) भी एमबीए की पढ़ाई करता था।
दोनों अच्छे दोस्त थे। सोमवार रात 3 से 4 बजे के बीच हॉस्टल में अचानक गोली चल गई।
हॉस्टल के सिक्योरिटी गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज सुनाई दी। उसने तुरंत वार्डन को सूचना दी। वार्डन ने जब कमरे का मुख्य दरवाजा खोलने की कोशिश की, तो वह अंदर से बंद था। इसके बाद पीछे की तरफ सीढ़ी लगाकर लोग बालकनी से अंदर पहुंचे। शीशा तोड़कर दरवाजा खोला गया, तो दोनों छात्र खून से लथपथ पड़े मिले।

### एक की मौत, दूसरा गंभीर

गोली लगने से दीपक कुमार की मौके पर ही मौत चुकी थी। वहीं, देवांश चौहान खून से लथपथ पड़ा था। इसके बाद हॉस्टल वालों ने पुलिस को सूचना ही। पुलिस ने देवांश को एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। देवांश ने दीपक को गोली क्यों मारी, यह अभी साफ नहीं हो पाया है।

### दोनों अच्छे दोस्त थे

पुलिस की जांच में पता चला है कि देवांश और दीपक अच्छे दोस्त थे। कमरे को सील कर दिया गया है। पुलिस देवांश के ठीक होने पर उसका बयान दर्ज करेगी। देवांश का अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं, दीपक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है।
एडीसीपी ग्रेटर नोएडा सुधीर कुमार ने बताया- थाना नॉलेज पार्क को सूचना मिली कि आरसीआई विद्या विहार हॉस्टल में 2 छात्र घायल हालत में हैं। पूछताछ में पता चला कि हॉस्टल के गार्ड को एक कमरे से कराहने की आवाज आई।
कमरा अंदर से बंद था। कमरे में 2 छात्र थे, जिनमें से एक मृत और दूसरा घायल था। घायल छात्र को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया। एक छात्र ने दूसरे को रिवॉल्वर से गोली मारी, फिर खुद को भी गोली मार ली। दोनों के परिवारवालों को बता दिया गया है। आगे की जांच जारी है।

# थाना बीटा टु पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत दो स्नेचरों को किया गिरफ्तार

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना बीटा टु पुलिस ने मुठभेड़ के उपरांत चोरी/स्नेचिंग करने वाल बदमाश विशाल उर्फ मोनू महतो पुत्र श्रीराम उर्फ श्रीलाल निवासी महेशपुर थाना पीरी बाजार लखीसराय बिहार वर्तमान पता स्वर्नगरी थाना बीटा टु गौतमबुद्धनगर को पीपल वाले चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। जबकि एक अन्य फरार अभियुक्त तनिष्क पुत्र संजय बैसला निवासी ग्राम गोठरा थाना खेकडा बागपत वर्तमान पता ग्राम ऐच्छर थाना बीटा टु गौतमबुद्धनगर को काम्बिंग के दौरान गिरफ्तार कर लिया। पुलिस मुठभेड़ में उपरोक्त अभियुक्त विशाल पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया।जिसे पुलिस द्वारा उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पकड़े गए अभियुक्तों के कब्जे से पुलिस ने दो तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा, दो मोबाइल फोन और घटना में प्रयुक्त चोरी फर्जी नम्बर प्लेट लगी एक मोटरसाइकिल बरामद की है। मिली जानकारी के अनुसार 8/9 सितम्बर 2025 की रात्रि थाना बीटा टु पुलिस द्वारा पीपल वाला चौराहे के पास चैकिंग की जा रही थी तभी सामने से एक मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति आते हुए दिखाई दिये। पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें रुकने का इशारा किया गया तो अपनी मोटरसाइकिल मोड़कर ढकिया बाबा गोलचक्कर की ओर भगाने का प्रयास करने लगे। पुलिस टीम द्वारा पीछा किया तो बदमाशों द्वारा अपने आप को पुलिस टीम से घिरता देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया।अभियुक्तगण शातिर किस्म के अपराधी है। जो चोरी/चैन स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देते हैं।



# यमुना एक्सप्रेसवे के पास किसान आंदोलन

## 42 दिन से धरने पर डटे किसान, मुआवजे और प्लॉट की मांग

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण की नीतियों के खिलाफ किसानों का धरना 42वें दिन भी जारी है।
भारतीय किसान यूनियन (लोकशक्ति) के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर श्यौराज सिंह और हुकमचंद शर्मा के नेतृत्व में किसान अपनी मांगों पर अडिग हैं।
किसानों की प्रमुख मांगों में यमुना एक्सप्रेसवे से प्रभावित किसानों को आवासीय प्लॉट का आवंटन शामिल है। साथ ही जिन किसानों को अब तक मुआवजा नहीं मिला है, उन्हें वर्तमान दर पर मुआवजे की मांग कर रहे हैं। जिन किसानों का अवार्ड हो चुका है, उनके लिए अंतर धनराशि की मांग भी की जा रही है।
धरने में उदयभान मलिक, लखन चौधरी, गजब प्रधान, महेंद्र सिंह, अहमद खान समेत कई किसान नेता मौजूद रहे।किसानों का कहना है कि प्राधिकरण को उनके अधिकारों की अनदेखी करने का खामियाजा भुगतना पड़ेगा।
किसान नेताओं ने स्पष्ट किया है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, धरना जारी रहेगा। धरना स्थल पर किसानों का उत्साह बना हुआ है। वे सरकार और प्राधिकरण पर दबाव बनाने की रणनीति पर काम कर रहे हैं।

## विवहिता महिला का धर्मांतरण करवा कर निकाह कराने का आरोप

# एक महिला समेत तीन लोगो को किया गिरफ्तार

**नोएडा।** थाना फेज 3 पुलिस ने एक विवहिता महिला का धर्मांतरण करवा कर निकाह (शादी) कराने के आरोप एक महिला समेत तीन लोगो को गिरफ्तार किया है। महिला के परिजनो के बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका डालने पर महिला चेन्नई से बरामद हुई और उसे सोमवार को हाईकोर्ट में पेश किया गया। नोएडा फेज तीन थाना पुलिस ने मामले में तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है और पुलिस निकाह कराने वाले काजी समेत दो आरोपितों की तलाश में जुटी है।
बता दे कि पुलिस की गिरफ्त मे खडे राजा मियाँ, उसके पिता बिस्मिल्ला और माता अनीशा बेगम को पीड़िता का विधि विरूद्ध धर्म परिवर्तन कराकर फर्जी निकाहनामा तैयार करने आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस मे दी गई शिकायत के अनुसार पीडित महिला की शादी 2018 में कानपुर देहात के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति से हुई थी।
महिला ने 2019 में एक बेटे को जन्म दिया था। पति से मनमुटाव के चलते 2021 में महिला मायके आकर रहने लगी और नोएडा सेक्टर 63 की एक फैक्ट्री में सिलाई का काम करने लगी। यहां पर उसकी घनिष्ठता गाजियाबाद बहलोलपुर के रहने वाले राजा मियां उर्फ एहसान से हो गई थी।
पिछले माह रक्षाबंधन के बाद महिला लापता हो गई। स्वजन ने राजा पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का शक जताया।
पुलिस द्वारा कोई कार्रवाही नही किए जाने पर 22 अगस्त को हाईकोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण की याचिका डाली। फेज तीन थाना पुलिस खोजबीन में जुटी थी। पुलिस ने महिला को राजा मियां उर्फ एहसान संग पांच सितंबर को चेन्नई से बरामद किया। उससे राजा से निकाह करने संबंधी कागजात मिले। पूछताछ करने पर पता चला कि एक मई को राजा के घर पर काजी मोहम्मद अजीमुद्दीन काजी ने महिला का जबरन निकाह पढ़वाया गया था। जबकि महिला का अपने पति से कोई तलाक नहीं हुआ है।
डीसीपी सेंट्रल नोएडा शक्ति मोहन अवस्थी ने बताया कि नोएडा फेज तीन थाना पुलिस ने मामले में मुख्य आरोपी राजा मियां समेत तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पुलिस निकाह कराने वाले काजी समेत दो आरोपितों की तलाश में जुटी है।



## शार्ट न्यूज

### ईट और सरिया से तोड़ा कार का शीशा

**नोएडा।** नोएडा की एक सोसाइटी का वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दो लोग मुंह पर कपड़ा ढककर सोसाइटी के पार्किंग में आते है। इनमें से एक के हाथ में ईट और दूसरे के हाथ में सरिया है। दोनों एक कार को टारगेट बनाते और कार का शीशा तोड़कर फरार हो जाते है। ये पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। ये फुटेज 17 सेकेंड का है। ये वीडियो नोएडा के सेक्टर-51 का है। सेक्टर के सचिव संजीव कुमार ने बताया कि ये वीडियो सी 126 का है। उन्होंने बताया कि कुछ नकाबपोश लोग एक गाड़ी में बैठकर सेक्टर आए। पहले उन्होंने सुरक्षाकर्मी को धमकाया और सी ब्लॉक में घुस गए। इसके बाद यहां खड़ी एक कार में ईट और डंडों से तोड़फोड़ की। यह वीडियो आरडब्लूए 51 के ऑफिशियल वॉट्सऐप ग्रुप पर निवासियों द्वारा भेजा गया है। निवासियों को कहना है उन्हें अब डर लगने लगा है। कभी सांप निकलते हैं कभी बदमाश सेक्टर में मुंह बांधकर घुस रहे हैं। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने संज्ञान लिया और मौके पर पहुंचे। यहां जांच की जा रही है।

### सूरजपुर में मामूली विवाद ने लिया खूनी रूप

**गौतम बुद्ध नगर।** ग्रेटर नोएडा के सूरजपुर में मामूली विवाद ने खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। ब्रह्माई मंदिर के पास किराए के मकान में रहने वाले बुलंदशहर के शिकारपुर कोतवाली निवासी कमल सिंह और उसके भाई नेता सिंह का स्थानीय निवासी राजकुमार से विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में चाकूबाजी होने लगी। इस दौरान राजकुमार चाकू लगने से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजकुमार को शारदा अस्पताल में भर्ती कराया। मारपीट में नेता सिंह भी घायल हुए। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतक नेता सिंह के परिजनों ने पुलिस पर मारपीट का आरोप लगाया। उनका कहना है कि पुलिस की पिटाई से ही मौत हुई है। हालांकि, सेंट्रल नोएडा के डीसीपी शक्ति मोहन अवस्थी ने इन आरोपों को निराधार बताया है। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में दोनों पक्षों की तरफ से मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने कई लोगों को हिरासत में ले लिया है। जांच जारी है। उन्होंने बताया कि गौरव की शिकायत पर कमल सिंह मृतक नेता और कुछ अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### लीजबैक मामले सुलझाने को बनेगी कमेटी

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना विकास प्राधिकरण क्षेत्र में किसानों के लीजबैक मामले सुलझाने को लेकर कमेटी बनाकर दोबारा से जांच की जाएगी। यह निर्णय विगत दिवस आयोजित हुई 86वीं बोर्ड बैठक में लिया गया। प्राधिकरण के एक अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2012 में कराई गई सैटेलाइट मैपिंग में इन आबादी क्षेत्रों का कोई उल्लेख नहीं मिला। प्राधिकरण की नियोजन विभाग ने गांवों की पुरानी स्थिति की पुन: जांच शुरू कर दी है। इसके लिए वर्ष 2009-10 तक के पुराने नक्शे खंगाले जा रहे हैं।इससे यह प्रमाणित किया जा सकेगा कि ये भूखंड आबादी क्षेत्र का हिस्सा थे। उनका अधिग्रहण गलत तरीके से किया गया था। हालांकि, प्राधिकरण ने किसानों की लीजबैक आबादी लौटाने को लेकर बोर्ड बैठक में प्रस्ताव रखा था। इस पर अपर मुख्य सचिव और यीडा चेयरमैन आलोक कुमार की अध्यक्षता में चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि किसानों की लीजबैक के 88 मामले लंबित हैं। इनमें से अब तक सिर्फ 13 मामले ही सुलझ सके हैं। वहीं, वर्ष 2014 के बाद मात्र तीन मामलों का हल निकला है। ऐसे में सभी मामलों का एक साथ निस्तारण मुश्किल है।

### लावारिस कुत्तों के सर्वेक्षण का काम शुरू

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण ने सेक्टर, सोसाइटी और गांवों में घूम रहे लावारिस कुत्तों के सर्वेक्षण का काम शुरू कर दिया है। प्राधिकरण के अधिकारियों का कहना है कि एक सप्ताह में सर्वेक्षण का काम पूरा कर लिया जाएगा। उच्चतम न्यायालय ने पिछले महीने लावारिस कुत्तों को लेकर आदेश दिया था। इसके तहत सर्वेक्षण कर आक्रामक कुत्तों को स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखा जाना है। न्यायालय के आदेश के बाद नोएडा प्राधिकरण ने सर्वेक्षण का काम शुरू करा दिया है। इसके साथ ही दो बड़े शेल्टर होम बनाने के लिए जगह चिह्नित करने का काम भी शुरू कर दिया गया है। नियोजन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई है। प्राधिकरण के अधिकारियों ने बताया कि एक सप्ताह से दस दिन के अंदर जगह चिह्नित करने का काम पूरा कर लिया जाएगा। ये शेल्टर होम एक-एक एकड़ के होंगे। इनमें स्थायी रूप से आक्रामक यानि कटखने कुत्ते रखे जाएंगे।

### डेंगू जांच की राशि अगले हफ्ते तय होगी

**नोएडा।** सभी निजी अस्पतालों और लैब में अगले हफ्ते से डेंगू जांच की राशि तय होगी। प्रत्येक साल सितंबर में शासन की ओर से इस बारे में दिशा-निर्देश जारी किए जाते हैं ताकि हर अस्पताल और लैब में मरीजों से जांच के लिए एक समान राशि ली जाए। निजी अस्पतालों में डेंगू की जांच के लिए अलग-अलग राशि ली जाती है। कई अस्पताल और लैब 1100-1200 रुपये भी लेते हैं। डेंगू के मामले बढ़ने की स्थिति में शासन एक समान जांच राशि निर्धारित करता है। पिछले साल यह राशि 650 रुपये थी। इसके साथ ही प्लेटलेट्स काउंट्स और मलेरिया की जांच से संबंधित निर्देश भी जारी किए जाते हैं।मंगलवार तक शासन की ओर से इस संबंध में निर्देश जारी नहीं किए गए। अगले हफ्ते दिशा-निर्देश मिलने की उम्मीद है। जिला मलेरिया अधिकारी श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि डेंगू की जांच से संबंधित शासन के दिशा-निर्देश इसी महीने मिलने की उम्मीद है। निर्देश मिलने के बाद सभी निजी अस्पताल और लैब को निर्धारित राशि के बारे में लिखित जानकारी दे दी जाएगी। जलभराव और लार्वा मिलने पर जुर्माना भी लगेगा घर, कार्यालय, संस्थान आदि में जलभराव और लार्वा मिलने की स्थिति में भी जुर्माने की राशि तय होगी। इसके लिए मलेरिया विभाग को जिलाधिकारी से अनुमति लेनी पड़ती है।

# एनसीआर क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

## कब्जे से चार पिस्टल मय 30 जिन्दा कारतूस सहित छः तमंचे बरामद

सोनू शर्मा विशाल इण्डिया

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने एनसीआर क्षेत्र में अवैध हथियारों की तस्करी करने वाले अभियुक्त सूफियान कुरैशी पुत्र मौहम्मद मतलूब कुरैशी निवासी कुरैशियान वाली मस्जिद के पास मौहल्ला नाला चौधरी सराय चौकी थाना कोतवाली जिला सम्भल हाल पता दुकान नंबर 908 के सामने जटवाडा वाली गली दरियागंज दिल्ली को सलारपुर अण्डरपास के पास से मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने चार पिस्टल 32 बोर मय 30 कारतूस जिन्दा और छः तमंचे तीन सौ पन्द्रह बोर बरामद किए हैं।अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है।जो एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से अवैध हथियारों की तस्करी करता था। अभियुक्त ज्यादा मुनाफा कमाने के चक्कर में पचास से सत्तर हजार में पिस्टल बेचा करता था।पुलिस हथियार बनाने और सप्लाई करने वाले गैंग की कुण्डली खंगालने में जुट गई है।



### दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर हाईवा का जैक खुला

**जेवर।** ग्रेटर नोएडा में मंगलवार को दनकौर-सिकंदराबाद रोड पर एक बड़ी दुर्घटना टल गई। ढाकवाला गांव के पास तेज रफ्तार हाईवा का अचानक जैक खुल गया। वाहन अनियंत्रित होकर प्राधिकरण द्वारा लगाए गए यूनिपोल से टकरा गया। टक्कर के कारण यूनिपोल सड़क पर गिर गया। इस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। यातायात करीब 30 मिनट तक बाधित रहा। मौके पर पहुंची पुलिस ने यूनिपोल को हटवाया। इसके बाद वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। स्थानीय निवासियों के अनुसार इस मार्ग पर भारी वाहन अक्सर तेज गति से गुजरते हैं। उन्होंने प्रशासन से सड़क सुरक्षा के लिए अतिरिक्त उपाय करने की मांग की है।

# नोएडा यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड नहीं बन सकती

**नोएड।** यमुना तटबंध पर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाने की नोएडा प्राधिकरण की योजना को उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग ने झटका दे दिया है। सुरक्षा की दृष्टि से और तकनीकी रूप से यमुना पुश्ता पर एलिवेटेड एक्सप्रेसवे नहीं बनाया जा सकता है। यदि एलिवेटेड एक्सप्रेसवे बनाना है तो तटबंध के आगे-पीछे या डूब क्षेत्र में पिलर के जरिए बनाया जा सकता है। इसके लिए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) से अनुमति ली जा सकती है।
रेलवे, मेट्रो, एलिवेटेड रोड की परियोजनाएं एनजीटी की अनुमति लेकर तैयार हो रही है। यह जवाब उत्तर प्रदेश सिंचाई विभाग में तैनात मुख्य अभियंता दिनेश सिंह ने शासन को चार सितंबर को दिया है। सांसद डॉक्टर महेश शर्मा व जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मांग की थी कि जेवर स्थित नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाद नोएडा- ग्रेटर नोएडा एक्सपेसवे पर ट्रैफिक का भार बढ़ जाएगा।
इसलिए एक्सप्रेसवे के सामान्तर यमुना तटबंध पर एक्सप्रेसवे बनाने की योजना पर काम शुरू किया जाए। निर्माण राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) से कराने की बात कही थी। इसके लिए उत्तर प्रदेश पीडब्ल्यूडी से आग्रह किया था कि यमुना तटबंध मार्ग को एनएचएआई घोषित किया जाए।

# ईडी ने अटैच की 100 करोड़ की संपत्ति

## उन्नति फॉरच्यून ग्रुप ने बायर्स से फंड लेकर शेयर बाजार में लगाया , प्रोजेक्ट रहे अधूरे

**नोएडा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उन्नति फॉरच्यून ग्रुप की 100 करोड़ रुपए की संपत्ति को अटैच कर दिया है। ईडी ने सेक्टर-119 स्थित द अरण्या सोसाइटी में फ्लैट खरीदारों की रकम के डायवर्जन की जांच कर रही है। कागजी दस्तावेज में पाया कि बिल्डर ने बायर्स से लिया पैसा निर्माण में नहीं करके फंड को डायवर्ट किया। अब तक की जांच में परियोजना में 126.5 करोड़ रुपए का फंड डायवर्जन की बात सामने आई है। यह फंड डायवर्जन 2011 से 2019 के बीच बिल्डर समूह की तरफ से किया गया। बिल्डर ने प्राधिकरण का बकाया भी जमा नहीं किया।

### 16 अप्रैल को किया था गिरफ्तार

ईडी ने उन्नति फॉरच्यून ग्रुप के प्रमोटर अनिल मिठास को 16 अप्रैल को कई ठिकानों पर छापा मारने के बाद गिरफ्तार किया था। अनिल मिठास अभी न्यायिक हिरासत में है। जांच में सामने आया है कि प्रोजेक्ट में फ्लैट खरीदारों से 522.9 करोड़ रुपए लिए गए। इसका अधिकांश हिस्सा शेयर बाजार में लगाया गया। इसके अलावा बांड खरीदने, लोन और निर्माण सामग्री के अग्रिम भुगतान, सिक्योरिटी के नाम पर राशि निकाली गई। इससे परियोजना के तहत काम पूरा नहीं किया गया।

### प्राधिकरण का 200 करोड़ रुपए ज्यादा का बकाया

द अरण्या सोसाइटी के 2,594 वर्गमीटर का प्लॉट नोएडा प्राधिकरण से आईवीआरसीएल इंफ्रा एंड प्रोजेक्ट लिमिटेड के नाम पर आवंटित हुआ था। बगैर प्लॉट अपने नाम करवाए करार के आधार पर उन्नति फॉरच्यून ग्रुप ने यहां पर परियोजना लांच की थी। इस पर दो बार 8 अक्टूबर 2007 व 7 मार्च 2013 में कुल 1155 फ्लैटों व 70 विला का नक्शा पास करवाया गया।

### चलती स्कूटी में आग लगी, चालक ने कूदकर जान बचाई

**नोएडा।** सेक्टर-62 क्षेत्र में मंगलवार दोपहर चलती स्कूटी में आग लग गई। चालक ने स्कूटी से कूदकर अपनी जान बचाई। इस घटना में स्कूटी जलकर क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस के मुताबिक बहलोलपुर में रहने वाला स्वामी किंकर पंजा मंगलवार दोपहर दिल्ली गया था। वह पूर्वी दिल्ली के कृष्ण विहार से स्कूटी पर सवार होकर घर लौट रहा था। अचानक सेक्टर-62 क्षेत्र में खोड़ा कॉलोनी के निकट स्कूटी के इंजन से धुआं निकलने लगा। जब तक वह कुछ समझ पाता, तब तक आग की लपटें उठने लगीं। युवक ने स्कूटी की गति को धीमा किया और वह चलती स्कूटी से कूद गया।इसके चलते उसे मामूली चोट आई और स्कूटी सड़क किनारे दीवार से टकराकर गिर गई। स्कूटी से आग की लपटें उठते देखकर सड़क पर जा रहे वाहन भी रुक गए। सूचना पर पहुंचे दमकलकर्मियों ने एक गाड़ी की मदद से आग पर 10 मिनट में काबू पा लिया, लेकिन तब तक स्कूटी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी थी। गनीमत रही कि हादसे में कोई अन्य वाहन चपेट में नहीं आया। वरना बड़ा हादसा हो सकता था।

# चिल्ला एलिवेटेड से अब तक नहीं बदली खराब स्टील

## एक महीने पहले प्राधिकरण ने दिया था नोटिस, 892 करोड़ है बजट, दिल्ली- नोएडा की होगी कनेक्टिविटी

**नोएडा।** दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटेड निर्माण में मानकों के अनुरुप स्टील का प्रयोग नहीं किया जा रहा। इसका नोटिस प्राधिकरण ने करीब एक महीने पहले ब्रिज कार्पोरेशन को दिया था। बावजूद इसके अब तक खराब स्टील को बदला नहीं गया है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने स्पष्ट कहा कि जब तक खराब स्टील को बदलकर मानकों के अनुसार नहीं किया जाता तब तक पेमेंट नहीं किया जाएगा। बता दे ब्रिज कार्पोरेशन ही नोएडा के दो अन्य प्रोजेक्ट पर भी काम कर रहा है। इसमें भंगेल एलिवेटेड और सेक्टर-145 लिंक रोड शामिल है।
करीब एक महीने पहले नोएडा प्राधिकरण के सीईओ लोकेश एम ने चिल्ला एलिवेटेड निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया था। जिसमें पाइलिंग के ज्वाइंट की फोटो व वीडियो ग्राफी कराई गई। समीक्षा में पाया गया कि एलिवेटेड की पाइलिंग में जिस स्टील का प्रयोग कंपनी कर रही है। उस स्टील की गुणवत्ता खराब है। जबकि पाइलिंग के लिए प्राधिकरण ने किसी दूसरी स्टील के प्रयोग की बात की थी।
प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने ब्रिज कार्पोरेशन को नोटिस जारी किया और स्वीकृत स्टील को लगाने के लिए कहा गया। इस एलिवेटेड का शिलान्यास सीएम योगी आदित्यनाथ ने किया था। इसके बाद अब तब पाइलिंग में लगी खराब स्टील को बदला नहीं गया। इसको लेकर जल्द ही एक ओर नोटिस जारी किया जाएगा।



### 892 करोड़ रुपए किए जा रहे खर्च

एलिवेटेड का निर्माण 892 करोड़ में किया जा रहा है। ये काम तीन साल में पूरा करना होगा। हालांकि 2019 में भी इसका काम शुरू हुआ था। उस समय सीएम योगी आदित्यनाथ ने योजना की शिलान्यास किया था। फाउंडेशन और पाइलिंग के बाद फंड की कमी से काम रोका दिया गया। करीब 79 करोड़ रुपए एलिवेटेड निर्माण पर खर्च किए गए थे। अब इसका 10 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। योजना के तहत छह लेन की इस एलिवेटेड को 296 पिलर पर बनाया जाना है।

### रोजाना 5 लाख वाहनों को होगा फायदा

निर्माण कंपनी उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड ने 17 दिसंबर 2024 को ठेकेदार कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन को कार्य अवॉर्ड किया। इस एलिवेटेड से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालक को फायदा होगा। ठेकेदार के पास निर्माण पूरा करने के लिए तीन साल का समय होगा। दिल्ली और नोएडा के बीच यातायात भीड़ को कम करने के लिए 2012 में योजना की फिजिबिलिटी तैयार की गई थी। एलिवेटेड 5.9 किमी लंबी बननी है। योजना के प्रारंभिक फेज में इसकी कुल लागत 605 करोड़ रुपए थी।

# जिलाधिकारी ने आपदा राहत सामग्री से भरे ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

## उत्तराखंड आपदा पीड़ितों के लिए पीलीभीत से भेजे गए 3,800 पैकेट, आठ ट्रकों में रवाना हुई राहत सामग्री




**पीलीभीत।** उत्तराखंड में हाल ही में आई आपदा से प्रभावित परिवारों की मदद के लिए पीलीभीत प्रशासन आगे आया है। सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह ने मंडी परिसर से आठ ट्रकों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इन ट्रकों में कुल 3,800 पैकेट आपदा राहत सामग्री लादी गई है, जिन्हें हल्द्वानी (जिला नैनीताल) पहुंचाया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देश पर यह राहत सामग्री भेजी जा रही है, ताकि आपदा प्रभावित परिवारों को तत्काल मदद मिल सके। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने कम समय में सामग्री एकत्रित कर उसे पैक कर ट्रकों में रवाना कराया। यह सामग्री प्रभावित क्षेत्रों तक जल्द से जल्द पहुंचेगी। राहत सामग्री के इन पैकेटों में चावल, आटा, दाल, तेल, नमक, बिस्कुट, पीने का पानी, चाय, चीनी, मसाले, माचिस, मोमबत्ती, कपड़े और अन्य दैनिक उपयोग की वस्तुएं शामिल की गई हैं। इसके अलावा आपदा पीड़ितों के लिए प्राथमिक चिकित्सा सामग्री भी भेजी गई है। प्रशासन का कहना है कि आपदा प्रभावित लोगों को किसी भी तरह की कमी न होने पाए, इसके लिए सभी जरूरी इंतजाम किए गए हैं।राहत सामग्री रवाना करते समय मंडी परिसर में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.), नगर मजिस्ट्रेट, उप जिलाधिकारी सदर, एआरटीओ, सहायक निबंधक सहकारिता, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी सहित कई विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने बताया कि इन ट्रकों को सुरक्षित रूप से हल्द्वानी तक पहुंचाने की जिम्मेदारी उप जिलाधिकारी और एआरटीओ को दी गई है। प्रशासन लगातार ट्रकों की निगरानी करेगा ताकि राहत सामग्री समय पर और सही हालत में प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंच सके।

### आपदा पीड़ितों के साथ खड़ा है जिला प्रशासन

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तराखंड की इस प्राकृतिक आपदा में पीड़ित परिवारों के साथ पूरा जिला प्रशासन खड़ा है। उन्होंने जनपदवासियों से भी अपील की कि संकट की इस घड़ी में आगे आकर सहयोग करें।

# हाथरस में डॉक्टर की चाकू से गोदकर हत्या

## शरीर पर कई जगह गहरे घाव; गांववालों से चल रहा था झगड़ा

**हाथरस।** हाथरस में बदमाशों ने मंगलवार शाम एक डॉक्टर की चाकू मारकर हत्या कर दी। शोर सुनकर लोग मौके पर पहुंचे, तो डॉक्टर का शव खून से लथपथ पड़ा था। शरीर पर कई जगह घाव के निशान थे। घरवाले डॉक्टर को लेकर अस्पताल पहुंचे। जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। डॉक्टर का गांव के कुछ लोगों से झगड़ा चल रहा था। घरवालों ने उन्हीं लोगों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। पशु चिकित्सक की हत्या के बाद परिजनों ने आगरा-अलीगढ़ नेशनल हाईवे पर थाने के बाहर जाम लगा दिया। पुलिस उन्हें समझाने की कोशिश कर रही है। मामला चंदपा कोतवाली क्षेत्र का है।

गांव अर्जुनपुर में विनय कुमार (48) अपने परिवार के साथ रहते थे। वह पेशे से जानवरों के डॉक्टर हैं। संविदा पर मुरसान के पशु चिकित्सालय में तैनात थे। विनय के परिवार में पत्नी और 3 बच्चे हैं। उनका गांव के कुछ लोगों से पिछले कई महीने से झगड़ा चल रहा था। करीब 4 महीने पहले भी इन लोगों से उनका झगड़ा हुआ था। मंगलवार शाम विनय खेत गए थे। इसी दौरान हमलावरों ने विनय को पकड़कर न केवल चाकू से वार किया, बल्कि जातिसूचक गालियां भी दीं। भाई रितेश ने बताया- दूसरा पक्ष दबंग किस्म का है। वे लोग काफी समय से हमारे परिवार से रंजिश रखते हैं। इनमें एक हमलावर राजू कौशिक क्रिमिनल है। इन लोगों ने आज भाई को खेत पर अकेला देखकर पकड़ लिया और मारपीट की। पेट और छाती पर चाकू मारे।

करीब 4 महीने पहले विनय और उनके परिवारवालों का खेत की मेड़ काटने को लेकर दूसरे पक्ष से झगड़ा हुआ था। इसके बाद से दोनों परिवारों में रंजिश चल रही थी।

# शार्ट न्यूज

## मजदूरी के रुपए को लेकर विवाद, युवक पर हमला

**बीसलपुर।** बीसलपुर थाना क्षेत्र में मजदूरी के पैसों के लेन-देन को लेकर सोमवार को बड़ा विवाद हो गया। गांव करमापुर निवासी रियाजुद्दीन को चार लोगों ने घेरकर मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित आरिफ पुत्र मदीने ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसका भाई रियाजुद्दीन मजदूरी के पैसे मांग रहा था। इसी बात पर गांव के ही शाकिर, शमशुल पुत्र करीमुल्ला, अली अहमद और कलाम पुत्र हबीबुल्ला ने हमला बोल दिया। मारपीट में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। वहीं पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और पुलिस की नजर संदिग्धों पर बनी हुई है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर हमला, जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**बीसलपुर।** गांव लुहिचा में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर हमला कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। सोमवार शाम पीड़ित पंकज पुत्र सियाराम ने बीसलपुर थाने पहुंचकर घटना की शिकायत दर्ज कराई।पीड़ित ने बताया कि वह घर से खनंका जा रहा था। तभी रामबीर के घर के पास गांव के सर्वेश और भूरे पुत्र रामदीन ने उसे रोक लिया। दोनों ने हंसिया व लाठी-डंडों से हमला कर घायल कर दिया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना पुलिस ने पंकज की तहरीर पर सर्वेश और भूरे के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। घटना के बाद पीड़ित परिवार डरा हुआ है और ग्रामीणों में भी दहशत का माहौल है।

## लव मैरिज से नाराज सालों ने जीजा को मार डाला

**लखनऊ।** लखनऊ में एक युवक की हत्या कर शव नाले में फेंक दिया गया। नाले में शव उतराता देखकर गांववालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव बाहर निकालकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। मृतक की पहचान मोहनलालगंज के रहने वाले 24 साल के शनी रावत के रूप में हुई। पिता ने बताया कि डेढ़ साल पहले शनी ने लव मैरिज की थी। इसके चलते उसके दोनों साले नाराज थे। लगातार जान से मारने की धमकी दे रहे थे। उन्होंने ही अपने रिश्तेदार के साथ मिलकर बेटे की हत्या की है। पुलिस ने 3 आरोपियों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज की है। वारदात निगोहां थाना क्षेत्र के गौतम खेड़ा की है। गौतम खेड़ा गांव के पास बांक नाले में मंगलवार सुबह एक युवक का शव उतराता मिला। पास ही सड़क पर खून के धब्बे और खून से सनी चप्पल पड़ी थी। लोगों ने यह सब देखकर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास के थानों में युवक की तस्वीर भेजी। इसी बीच शंकर बक्श खेड़ा में रहने वाले रामनरेश रावत थाना मोहनलालगंज में बेटे शनी की गुमशुदगी दर्ज कराने पहुंचे। इस पर पुलिस ने उन्हें निगोहां थाने भेज दिया। वहां उन्होंने नाले में मिले शव की शिनाख्त अपने बेटे शनी के रूप में की।

## एसपी ने किया सादात थाने का वार्षिक निरीक्षण

**हरिनारायण यादव विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** एसपी डॉ. ईरज रजा ने सादात थाने का मंगलवार को वार्षिक निरीक्षण किया। एसपी ने अपराध रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर आदि की गहनता पूर्वक जांच-पड़ताल किया और अभिलेखों को समय से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने महिला हेल्प डेस्क, मालखाना, बंदीगृह, बैरक, मेस की जांच करने के बाद महिला हेल्प डेस्क पर नियुक्त महिला आरक्षी से भी जानकारी हासिल किया। पुलिस अधीक्षक ने थाने में आने वाले फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए त्वरित निस्तारण का भी निर्देश दिया। उन्होंने थाने में स्थापित साइबर सेल और हेल्प डेस्क का जायजा लेते हुए उत्कृष्ट कार्य करने के लिए साइबर सेल की कांस्टेबल सोनी को पुरस्कृत किया। थाना प्रभारी वागीश विक्रम सिंह को महिला संबंधी अपराधों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। टॉप-10 अपराधियों, गुंडों और माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने थाने की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सीसी कैमरे लगाने के निर्देश दिए।

## कोर्ट ने आरोपी को सुनाई सात वर्ष की सजा

**हरिनारायण यादव व्यूरो विशाल इंडिया**

**गाजीपुर।** जनपद के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय के न्यायाधीश विजय पाल ने 17 वर्ष पुराने मामले मे अभियुक्त को सात वर्ष की सश्रम कारावास की सजा सुनायी। इसकी जानकारी देते हुए अपर जिला शासकीय अधिवक्ता जयप्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीरकर्ता मंजू राय ग्राम धुवार्जुन ने थाना सैदपुर ने अपने तहरीर मे बताया कि 12 सितम्बर 2008 की रात्रि में उसके देवर राकेश पोखरे पर सरस्वती शिशु मंदिर के बरामदे मे सो रहे थे उसी समय गाव के रामाश्रय यादव तथा दो तीन अन्य लोगो के साथ पोखरे के विवाद को लेकर सोते समय कुदाल आदि से मारकर बुरी तरह घायल कर बेहोश कर दिया, होश आने पर राकेश ने सारी घर पर आकर बतायी। घटना के आधार पर धारा 308 आईपीसी मे मुकदमा दर्ज किया गया। न्यायालय ने कुछ छः गवाह परीक्षित कराये गये साक्ष्योपरान्त न्यायालय ने गुणदोष के आधार पर रामाश्रय यादव को दोषी पाते हुए आज मंगलवार को धारा 324 आईपीसी मे दो वर्ष कठोर कारावास तथा 5 हजार रूपये का जुर्माना तथा 326 आईपीसी मे 7 वर्ष कठोर कारावास तथा 10 हजार रूपये जुर्माना की सजा सुनायी।

## साइबर सेल ने लौटाए ठगे गए 77 हजार रुपये

**गाजीपुर।** साइबर अपराधों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी सफलता हाथ लगी है। जनपदीय साइबर सेल और थाना शादियाबाद की संयुक्त टीम ने मात्र 48 घंटे के भीतर एक पीड़ित की गुम हुई रकम वापस कराकर मिसाल पेश की है।ग्राम भदौरा, घिनहा निवासी सोनू मौर्या के साथ 30 अगस्त 2025 को यूपीआई के माध्यम से 77,000 रुपये की ऑनलाइन ठगी हुई थी। घटना के तुरंत बाद पीड़ित ने साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देश पर साइबर सेल व थाना शादियाबाद की संयुक्त टीम सक्रिय हुई और तकनीकी जांच शुरू की।टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बैंकिंग चैनल और साइबर ट्रैकिंग के माध्यम से ठगी की पूरी धनराशि सुरक्षित कराई और 48 घंटे के भीतर ही पीड़ित के खाते में वापस करा दी।

## नेशनल हाईवे पर भिड़ंत, मां-बेटे समेत तीन घायल



**गजरौला ।** मंगलवार को थाना गजरौला कला क्षेत्र के माला मोड़ पर नेशनल हाईवे-730 पर बड़ा हादसा हो गया। आमने-सामने हुई दो बाइकों की जोरदार भिड़ंत में एक बाइक सवार महिला, उसका बेटा और भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद दूसरा बाइक चालक अपनी बाइक समेत मौके से फरार हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, भूढ़ा गांव (बंडा) निवासी सुनीता देवी अपने बेटे नंदलाल को दवा दिलाने पीलीभीत आ रही थीं। उनके साथ भाई नन्हेंलाल भी बाइक पर सवार थे। शाम करीब चार बजे जैसे ही वे माला मोड़ के पास पहुंचे, तभी सामने से आ रही एक बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि तीनों सड़क पर गिरकर घायल हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया गया। फिलहाल सभी का उपचार चल रहा है।स्थानीय लोगों का कहना है कि माला मोड़ पर आए दिन सड़क हादसे होते रहते हैं, जिससे ग्रामीण दहशत और चिंता में हैं। लोगों ने प्रशासन से इस मोड़ पर उचित यातायात व्यवस्था और सुरक्षा उपाय करने की मांग की है ताकि हादसों पर अंकुश लगाया जा सके।

## प्रयागराज में डंपर ने क्लर्क पिता-बेटी को रौंदा, मौत

**प्रयागराज।** प्रयागराज में बाइक सवार पिता-बेटी को डंपर ने कुचल दिया। हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों के सिर में गंभीर चोट थी। रोड पर काफी खून फैल गया। पिता के पैर पर बेटी का शव पड़ा था। पुलिस शव को लोडर में रखकर पोस्टमॉर्टम के लिए ले गई। लोगों की भीड़ जुड़ गई। वहीं, हादसे के बाद डंपर चालक मौके से भाग गया। सूचना पर पहुंची नैनी पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। भीड़ को समझा-बुझाकर रास्ता खाली कराया। पुलिस सीसीटीवी के आधार पर डंपर चालक की तलाश कर रही है। हादसा नैनी थाना क्षेत्र के लेप्रोसी चौराहे पर हुआ।

# बीसलपुर रेलवे स्टेशन से हटेगा कोयला डिपो, जनता को मिली राहत



**बीसलपुर।** काफी लंबे संघर्ष और बार-बार किए गए आंदोलनों के बाद आखिरकार बीसलपुर रेलवे स्टेशन से कोयला डिपो हटाने का रास्ता साफ हो गया है। भाजपा विधायक विवेक वर्मा के निरंतर प्रयासों और विधानसभा में उठाए गए सवालों का नतीजा है कि अब बीसलपुर से कोयले का उतार स्थायी रूप से बंद होगा। रेलवे विभाग ने बीसलपुर की जगह शेरगंज में नया कोयला डिपो स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है। इसके लिए लगभग 100 करोड़ रुपये की लागत स्वीकृत हुई है और निर्माण कार्य में लगभग डेढ़ वर्ष का समय लग सकता हैं।

बीसलपुर रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 4 पर बने कोयला डिपो से आसपास के मोहल्लों के लोग लंबे समय से परेशान थे। लगातार धूल उड़ने और कोयले के प्रदूषण से मोहल्ले में सांस की बीमारियां बढ़ रही थीं। लोग कई बार धरना-प्रदर्शन कर चुके थे। 23 नवंबर 2022 को तत्कालीन विधायक रामशरण वर्मा ने तहसील परिसर में धरना देकर कोयला डिपो हटाने की मांग उठाई थी। उस दौरान व्यापारियों ने बाजार बंद कर आंदोलन का समर्थन किया था।

वर्तमान विधायक विवेक वर्मा ने जनता की समस्या को देखते हुए इस मुद्दे को विधानसभा में नियम 51 के तहत उठाया। रेल विभाग ने उन्हें 18 अगस्त 2025 को पत्र भेजकर आश्वासन दिया कि शेरगंज में नया डिपो बनेगा और बीसलपुर से डिपो स्थायी रूप से हटा दिया जाएगा। प्रेस वार्ता में विधायक ने कहा— बीसलपुर की जनता को अब कोयला डिपो से छुटकारा मिलेगा। आने वाले समय में यहां का वातावरण और भी स्वच्छ व सुरक्षित बनेगा।

इस घोषणा से मोहल्ले वासियों और व्यापारियों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# तालाब की नीलामी से भड़के ग्रामीण, तहसील में दिया धरना



**बीसलपुर।** गांव गौहनिया में राजस्व विभाग द्वारा तालाब की नीलामी किए जाने पर ग्रामीणों में गहरा आक्रोश देखने को मिला। ग्रामीणों का कहना है कि यह तालाब सार्वजनिक उपयोग और सिंचाई के लिए था, लेकिन विभाग ने अवैध तरीके से इसे नीलाम कर दिया।

आज बड़ी संख्या में ग्रामीण तहसील पहुंचे और संस्कृत धरना देकर एसडीएम नागेंद्र पांडे को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने तालाब का पट्टा निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि तालाब गांव की धरोहर है और नीलामी से न केवल पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ेगा बल्कि जल संकट भी गहराएगा।

ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विनोद राजपूत ने ग्रामीणों के साथ मिलकर यह आंदोलन किया। धरने में खेमकरन लाल, प्रेमपाल, प्रमोद, नन्हेंलाल, पुत्तू लाल, जमुनादीन, दिनेश कुमार, तौलेराम, रामस्वरूप, मेवाराम, हेमराज और कुलदीप सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

एसडीएम ने ज्ञापन लेकर मामले की जांच कराने और नियमों के तहत कार्रवाई का आश्वासन दिया।

## लखीमपुर में मगरमच्छ ने युवक को मार डाला

**लखीमपुर-खीरी।** लखीमपुर खीरी में मगरमच्छ में युवक को मार डाला। युवक अपने दोस्त के साथ खेत से घर लौट रहा था। तभी, नाले से अचानक मगरमच्छ निकला और उसने युवक पर हमला कर दिया। मदद के लिए उसने आवाज लगाई तो दोस्त पीछे पलटा। आसपास काम कर रहे लोग भी दौड़े, लेकिन तब तक मगरमच्छ युवक को मार चुका था। हमले के बाद मगरमच्छ दोबारा नाले में चला गया। ग्राम प्रधान का कहना है कि नाले में करीब 4 मगरमच्छ हैं, लेकिन वन विभाग कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। पूरा मामला मझगई थाना क्षेत्र के मुर्गहा गांव का है। मुर्गहा गांव का रहने वाला श्रीवास्तव (21) पुत्र बद्री प्रसाद सोमवार की शाम को अपने खेत से काम करके लौट रहा था। उसके साथ में एक दोस्त मंगल भी था जो उससे 10 मीटर आगे चल रहा था। गांव के करीब ही सुतिया नाला पार करते समय किनारे पर बैठे मगरमच्छ ने पीछे से उस पर हमला कर दिया। जबड़े से कमर के हिस्से को दबा लिया और गहरे पानी में खींच ले गया। चिल्लाने पर उसका साथी मंगल बचाने के लिए भागा। उसने मदद के लिए आवाज लगाई। आसपास के खेतों से लौट रहे लोग भी मौके पर पहुंचे।

## झांसी में डॉक्टर पर जानलेवा हमला

**झांसी।** झांसी के संजीवनी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. मंदीप मैडिया पर सोमवार को जानलेवा हमला किया गया। एक दर्जन के करीब नकाबपोश बदमाशों ने दिनदहाड़े उनके केबिन में घुसकर मारपीट की। सामने आए वीडियो में बदमाशों ने छह सेकेंड में डॉक्टर को 11 थप्पड़ जड़ दिए। उन पर चाकू और कांच की बोतल से सिर पर वार किया। चैंबर में घुसकर मारने के बाद हमलावर फरार हो गए। हालांकि, भाग रहा एक बदमाश पकड़ा गया। पूछताछ में पता चला कि आरोपी, मां का इलाज कराने आया था लेकिन ट्रीटमेंट ठीक से नहीं होने से नाराज था इसलिए डॉक्टर पर हमला किया। घटना सोमवार दोपहर की है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या की कोशिश का केस दर्ज किया है। गणेश इन्कलेव निवासी डॉ. शुभदीप ने बताया-मैं और मेरा भाई डॉ. मंदीप मैडिया, संजीवनी हॉस्पिटल चलाते हैं। 6 सितंबर को चिरगांव के धमाना खुर्द के रहने वाले बलवंत सिंह ने अपनी पत्नी कमलेश देवी को हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। उनको बुखार की शिकायत थी। कान में दर्द होने पर 7 सितंबर को डॉ. हरेंद्र यादव ने देखा, तब पता चला कि कान में संक्रमण है। बलवंत का बेटा इलाज से नाखुश था। स्टाफ से भी इलाज को लेकर उलझ गया था।

# महाविद्यालय मे एक दिवसीय कॅरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**ललितपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय, ललितपुर के तत्वाधान में पहलवान गुरूदीन प्रशिक्षण महाविद्यालय, पनारी, जनपद-ललितपुर मे एक दिवसीय कॅरियर काउसिलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन कॉलेज के प्रवक्ता श्री गंगा राम विश्वकर्मा, असिस्टेण्ट प्रोफेसर द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम में पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण तथा दीप प्रज्जवलन किया गया ।इसके उपरान्त आकाँक्षा यादव, जिला रोजगार सहायता अधिकारी, द्वारा संस्थान के छात्र/छात्राओं को रोजगार संगम पोर्टल, आगामी आयोजित होने वाले रोजगार मेलों एवं कम्पटीशन की तैयारी से सम्बन्धित विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गयी। साथ ही महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को उनकी जिज्ञासाओं के बारे में प्रश्नों को पूछकर उनका मार्गदशर्न किया गया। कार्यक्रम में पधारी काउन्सलर डा0 प्रियम्वदा सुड़ेले द्वारा अभ्यर्थियो को शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार के विभिन्न आयामों के बारे में बताया गया। कार्यक्रम का समापन करते हुये कॉलेज के प्राचार्य डा0 महेश कुमार झॉ द्वारा समस्त अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

सेवायोजन कार्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुये संस्थान की ओर से अनुरोध किया गया कि उनके प्रशिक्षण संस्थान में भविष्य में भी ऐसे प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया जाये।

इस अवसर पर जिला सेवायोजन कार्यालय के नरेन्द्र कुमार वर्मा, अनुदेशक एवं उमेश कुमार, वरिष्ठ सहायक एवं महाविद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# आजमगढ़ के अजीत राय हत्याकांड के 6 आरोपियों को हुई उम्रकैद

## 21 साल पहले 'वंदे मातरम' गाने की मांग पर हुई थी हत्या, योगी को जाने से रोका था



**आजमगढ़।** 21 साल पहले 2004 में हुए अजीत राय हत्याकांड में कोर्ट ने मंगलवार को बड़ा फैसला सुनाया। अदालत ने छह आरोपियों को उम्रकैद की सजा और प्रत्येक पर 45 हजार रुपए जुर्माना लगाया है।

जुर्माने की आधी रकम मृतक अजीत राय के परिवार को दी जाएगी। यह फैसला आजमगढ़ कोर्ट के अपर सत्र न्यायाधीश कोर्ट नंबर-1 अजय कुमार शाही ने सुनाया।

### क्या है पूरा मामला

अभियोजन पक्ष के अनुसार, अजीत राय निजामाबाद थाना क्षेत्र के टुंडवल गांव का रहने वाला था। वह शिब्ली नेशनल पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज में बीएससी थर्ड ईयर का छात्र था।

वर्ष 2004 में वह छात्रसंघ चुनाव में महामंत्री पद का भावी प्रत्याशी था। इसी चुनावी रंजिश को लेकर 9 सितंबर 2004 को सुबह करीब 11 बजे शिब्ली इंटर कॉलेज के गेट पर उसकी दिनदहाड़े हत्या कर दी गई थी।

# विजन डॉक्यूमेंट निर्माण में मीडिया की अहम भूमिका : डॉ. ज्ञानेन्द्र नाथ सिंह

## स्वयंसेवी व महिला समूहों और मीडिया प्रतिनिधियों से जनपद के विकास और व्यवस्था सुधार पर हुई चर्चा



**ललितपुर।** समर्थ उत्तर प्रदेश-विकसित उत्तर प्रदेश/2047 अभियान के अंतर्गत आज मंगलवार 09 सितम्बर 2025 को डॉ ज्ञानेन्द्र नाथ सिंह, सलाहकार (खाद्य एवं औषधि प्रशासन) मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0, सचिव उच्च शिक्षा विभाग/नोडल अधिकारी श्री अमृत त्रिपाठी, प्रोफेसर बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय झांसी डॉ प्रतीक अग्रवाल के द्वारा जनपद के व्यवसायी बंधुओं, उद्यमियों, स्वयं सहायता संगठनों, महिला समूहों व मीडिया प्रतिनिधियों के साथ संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रबुद्धजनों की समिति ने उद्यमियों को अभियान के बारे में बताया और पोर्टल पर फीडबैक देने का आह्वान किया। उद्यमी संगठनों एवं अन्य उद्यमियों के साथ वार्ता के उपरान्त महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त हुए यथा उद्योगों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बिजली की सुविधा को सुव्यवस्थित किया जाए। उद्योगों को विभागीय अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए व्दम ज्ंइसम ब्समंतंदबम सुविधा को बढ़ावा दिया जाए। जनपद के ओ0डी0ओ0पी0 उत्पाद को राष्ट्रीय/अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने हेतु सामान्य सुविधा केन्द्र सेन्टर की स्थापना की जाए। जनपद की सहरिया जनजाति को उद्योगों के साथ जोड़ने के लिए जागरूक किया जाए। युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास केन्द्रों को सुदृढ़ीकरण किया जाए। दुग्ध उत्पादन के लिए चिलिंग प्लान्ट की सहायता एवं खाद्यान्न के भण्डारीकरण की सुविधा को बढ़ाया जाए। जनपद में उपलब्ध औषधियों का सुनियोजित सदुपयोग किया जाए जिससे इस व्यवसाय से जुडे व्यक्तियों की आय में वृद्धि हो सके। सोलर एनर्जी के क्षेत्र में आने वाली कम्पनियों को त्वरित सुवधाएं प्रदान की जाए। ग्रेनाईट पत्थर की रॉयलटी को अन्य राज्यों के मुकाबले प्रतिस्पर्धात्मक किया जाय। जनपद में पर्यटन की असीम सम्भावनाओं को देखते हुए उद्यमीगणों को निवेश के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### फलस्तीन को मान्यता देकर भारी गलती कर रहे कई देश, इस्राइल की चेतावनी- ये हमास को तोहफा देने जैसा




**तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने हाल के समय में कई देशों द्वारा फलस्तीन को मान्यता देने के एलान की कड़ी आलोचना की है। सार ने इसे बड़ी गलती बताया और चेतावनी दी कि ऐसा करने से क्षेत्र में अशांति आ सकती है और इस्राइल को भी एकतरफा तरीके से कदम उठाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। तेल अवीव में डेनमार्क के विदेश मंत्री के साथ एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए गिदोन सार ने कहा कि फलस्तीन को इस तरह से मान्यता देने से शांति प्रयासों को नुकसान पहुंचेगा और यह हमास जैसे संगठनों की हिम्मत बढ़ाएगा।

### अगस्त में 145200 अफगान पाकिस्तान से स्वदेश लौटे

**काबुल, एजेंसी।** पाकिस्तान से अफगानिस्तान लौटने वाले शरणार्थियों की संख्या में पिछले माह जबर्दस्त वृद्धि दर्ज की गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में 1,45,200 अफगानी स्वदेश लौटे। इनमें से लगभग 55,000 ने अंतिम चार दिनों में वापसी की। संयुक्त राष्ट्र शरणार्थी एजेंसी ने रिपोर्ट में कहा कि अगस्त में अफगानों की वापसी में 254प्रतिशत बढ़ोतरी हुई जबकि जुलाई की तुलना में निर्वासन में 191प्रतिशत की वृद्धि हुई। चार सितंबर तक 5,31,700 अफगान पाकिस्तान से लौट गए।

### लड़की के कपड़े पहनकर टिकटॉक वीडियो बनाने के आरोप में पाकिस्तानी युवक गिरफ्तार

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान में पुलिस ने एक युवक को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि वह लड़कियों के कपड़े पहनकर टिकटॉक पर वीडियो पोस्ट करता था। घटना पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत की है, जहां के स्वाबी जिले में रहने वाला एक युवक महिलाओं के कपड़े पहनकर वीडियो शूट करता था और बाद में उन्हें सोशल मीडिया पर पोस्ट करता था। युवक की पहचान अब्दुल मुगीज के रूप में हुई है। आरोप है कि अब्दुल टिकटॉक वीडियो में महिलाओं के कपड़े पहनकर आपत्तिजनक हरकतें करता था, जिसे लेकर लोगों में भारी गुस्सा था। शिकायतें मिलने के बाद पुलिस ने कई जगह छापेमारी की और अब जाकर आरोपी को पकड़ सकी।

### कैनसस सिटी में 50 साल के कैदी की मौत को कोर्ट ने हत्या माना

**कैनसस सिटी, एजेंसी।** अमेरिका के कैनसस सिटी में वायंडॉट काउंटी जेल में इसी साल 5 जुलाई को हिरासत में लिए गए 50 वर्षीय कैदी चार्ल्स अडैर की मौत हो गई थी। कोर्ट ने इसे हत्या करार दिया है। खबरों के मुताबिक उसे ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने के मामले में गिरफ्तार किया गया था। पोस्टमार्टम में मौत का कारण %मैकेनिकल एस्फिक्सिया% यानी सांस रुकना पाया गया। मृतक हृदय रोग और शराबजनित लीवर सिरोसिस ने भी पीड़ित था। रिपोर्ट के अनुसार, जेल में स्टाफ से संघर्ष के बाद उसे सेल में लिटाया गया, लेकिन कुछ ही मिनटों बाद वह बेहोश पाया गया, जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया गया।

### थाइलैंड के पीएम पद के लिए अनुतिन को मिली शाही मंजूरी

**बैंकॉक, एजेंसी।** थाइलैंड के अनुभवी राजनीतिज्ञ अनुतिन चार्नवीराकुल को रविवार को देश के नए प्रधानमंत्री के रूप में शाही मंजूरी मिल गई। दो दिन पहले संसद ने उन्हें इस पद के लिए चुना था। 58 वर्षीय अनुतिन, फ्यू थाई पार्टी के पैतोंगटार्न शिनावात्रा का स्थान लिया। शिनावात्रा को पिछले सप्ताह नैतिकता के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर पद से बर्खास्त कर दिया गया था।

### दीपावली कार्यक्रम में मणिपुर के कलाकारों ने मन मोहा

**सिंगापुर, एजेंसी।** मणिपुर के एक सांस्कृतिक दल ने सिंगापुर में शनिवार को लिटिल इंडिया परिसर में दीपावली लाइटअप कार्यक्रम में प्रस्तुति दी। इस वार्षिक कार्यक्रम में सिंगापुर के राष्ट्रपति थर्मन षण्मुगरत्नम और विभिन्न समूहों के 700 प्रतिभागियों ने शिरकत की। इसी के साथ देश में दो महीने तक चलने वाले दीपोत्सव की शुरुआत हुई।

# यूक्रेन पर हमले से डोनाल्ड ट्रंप नाराज, रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी



**वाशिंगटन, एजेंसी।** यूक्रेन मुद्दे को लेकर अमेरिका और रूस के बीच लगातार खींचतान जारी है। कुछ हफ्ते पहले ही अलास्का में हुई ट्रंप और पुतिन की मीटिंग के बाद इस बात के आसार लगाए जा रहे थे कि अब युद्ध खत्म हो जाएगा। लेकिन वक्त के साथ वह आसार भी हवा हो गए। अब राष्ट्रपति ट्रंप एक बार फिर से रूस से ऊपर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। उनका यह बयान रूस की तरफ से यूक्रेन पर किए गए एक बड़े हवाई हमले के बाद सामने आया है।

वाइट हाउस के बाहर मीडिया से बात करते हुए ट्रंप से पूछा गया कि क्या हाल में यूक्रेन पर हुए हमले के बाद वह रूस पर नए प्रतिबंध लगाने की तैयारी कर रहे हैं। इसका जवाब देते हुए ट्रंप ने कहा कि वह इसके लिए पूरी तरह से तैयार हैं। हालांकि ट्रंप की तरफ से इस बात पर कोई ज्यादा जानकारी नहीं दी गई कि वह रूस के ऊपर किस तरह के नए प्रतिबंधों की तैयारी कर रहे हैं।

आपको बता दें कि ट्रंप द्वारा यह बयान ऐसे समय में दिया गया है जब रूस की तरफ से यूक्रेन की राजधानी कीव पर जोरदार हमला बोला गया है। 800 से ज्यादा ड्रोन्स, मिसाइलों और रॉकेट्स के जरिए किए गए इस हमले में कीव में बड़े स्तर पर तबाही हुई है। इस हमले में करीब दो लोगों की मौत हो गई है और 15 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। यूक्रेनी अधिकारियों के मुताबिक 2022 में युद्ध शुरू होने के बाद यह कीव के ऊपर सबसे बड़ा रूसी हमला है। पिछले महीने ही अलास्का में ट्रंप को पुतिन की बैठक के बाद रूस लगातार यूक्रेन को निशाना बनाता आ रहा है।

ट्रंप के इस बयान को लेकर दूसरे मायने भी निकाले जा रहे हैं, कुछ घंटों पहले ही अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने रूसी तेल खरीदने वाले देशों के ऊपर और प्रतिबंध लगाने के आह्वान किया था। रूसी तेल खरीदने के मामले में भारत दूसरे नंबर पर है, और चीन पर अमेरिका प्रतिबंध लगाने के मूड में नहीं है। इसलिए बेसेंट का यह आह्वान भारत के संबंध में ही प्रतीत होता है। अपने इस आह्वान के पीछे तर्क देते हुए बेसेंट ने कहा था कि अगर ऐसा हो जाता है तो रूस की अर्थव्यवस्था पर इसका काफी बुरा असर पड़ेगा, इससे वह यूक्रेन के साथ बातचीत करने के लिए मजबूर हो जाएगा।यूक्रेन और रूस के मुद्दे को लेकर ट्रंप लगातार कोशिश करते नजर आ रहे हैं। इस मुद्दे और कथित तौर पर अपनी निजी खुन्नस के चलते उन्होंने भारत के साथ भी अपने संबंध खराब कर लिए हैं। भारत पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे ट्रंप अब इस मोर्चे पर भी फेल होते नजर आ रहे हैं। यूरोप के उनके साथी भी उन पर तंज कस रहे हैं। हाल ही में फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने इस मुद्दे पर कहा था कि अगर पुतिन यूक्रेन पर हमले कम नहीं करते या बातचीत के लिए तैयार नहीं होते, तो यह तय है कि उन्होंन एक बार फिर से ट्रंप के साथ ब्लफ कर दिया है।

## इरफान अली दूसरी बार बने गुयाना के राष्ट्रपति, शपथ ली

**जॉर्जटाउन, एजेंसी।** गुयाना की सत्तारूढ़ पीपुल्स प्रोग्रेसिव पार्टी के इरफान अली ने रविवार को तेल-समृद्ध दक्षिण अमेरिकी देश के राष्ट्रपति के रूप में दूसरी बार शपथ ली। चुनाव आयोग ने उनकी जीत की पुष्टि कर दी है। देश की अपेक्षाकृत हालिया तेल संपदा से प्राप्त राजस्व को लोकप्रिय सामाजिक कार्यक्रमों में लगाने के बाद अली ने रविवार को संकल्प लिया कि वह एक विविध अर्थव्यवस्था का निर्माण करेंगे, जो रोजगार पैदा करेगी।

## नेपाल और चीन का संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू

**काठमांडो, एजेंसी।** नेपाल सेना और चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास सागरमाथा फ्रेंडशिप का पांचवां संस्करण रविवार को काठमांडो में शुरू हुआ। नेपाल सेना के अनुसार, 10 दिन चलने वाले इस अभ्यास में आपदा प्रबंधन, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन और आतंकवाद-रोधी अभियानों सहित कई विषयों पर दोनों सेनाओं के बीच अनुभव साझा किए जाएंगे। नेपाल और चीन के बीच यह संयुक्त सैन्य अभ्यास 2017 से शुरू हुआ है और इसे बारी-बारी से दोनों देशों में आयोजित किया जाता है।

## वेटिकन सिटी में कार्लो अक्यूटिस पहले मिलेनियल संत बने



**वेटिकन सिटी, एजेंसी।** वेटिकन सिटी में पोप लियो ने रविवार को एक समारोह में 15 साल के कार्लो अक्यूटिस को कैथोलिक चर्च का पहला मिलेनियल संत घोषित किया। कार्लो की 2006 में ब्लड कैंसर से मौत हो गई थी। वो भगवान के दूत कहे जाते थे।

इस मौके पर दुनियाभर से करीब 70 हजार युवा शामिल हुए। कार्लो का जन्म 1991 में ब्रिटेन में हुआ था और वे इटली में रहे। उन्होंने कंप्यूटर कोडिंग सीखकर धार्मिक वेबसाइट्स बनाईं। उनकी कहानी ने कई युवाओं को प्रेरित किया। पोप लियो ने कार्लो के साथ-साथ 1920 में पोलियो से मरे इटली के पियर जियोर्जियो फ्रासाती को भी संत घोषित किया। फ्रासाती अपनी दानशीलता के लिए मशहूर थे।

सेंट पीटर्स स्क्वायर में पोप लियो ने कहा, हम सभी के पास संत बनने का मौका है। उन्होंने कार्लो के शब्दों को दोहराया, स्वर्ग हमारा इंतजार कर रहा है, और आज अपना सर्वश्रेष्ठ देना जरूरी है।

पोप ने युवाओं से कहा कि वे कार्लो और फ्रासाती से प्रेरणा लें और अपने जीवन को बेहतर बनाएं। यह समारोह पहले अप्रैल में होने वाला था, लेकिन पोप फ्रांसिस की मृत्यु के कारण टल गया। यह पहला मौका था जब पोप लियो ने ऐसा समारोह किया।

## लंदन में फलस्तीन समर्थकों का प्रदर्शन, 900 गिरफ्तार

**लंदन, एजेंसी।** फलस्तीन एक्शन नामक संगठन को आतंकवादी समूह घोषित किए जाने के विरोध में शनिवार को लंदन की सड़कों पर सैकड़ों लोगों ने प्रदर्शन किया। पार्लियामेंट स्क्वॉयर पर प्रदर्शनकारियों की पुलिस के साथ झड़प भी हुई, जिसके बाद लगभग 900 से ज्यादा लोगों को पुलिस पर हमले और अन्य सार्वजनिक व्यवस्था उल्लंघन के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया।?पुलिस ने बताया कि अधिकारियों को असहनीय दुर्व्यवहार का सामना करना पड़ा। उन्हें लात-घूंसों से मारा गया।

## ऑस्ट्रेलिया की मशरूम किलर को उम्रकैद की सजा

**केनबरा, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया की मशरूम किलर को वहां की एक अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। सजा के तहत दोषी महिला को 33 साल बाद ही जमानत मिल सकेगी। ऑस्ट्रेलिया के इस मामले पर पूरी दुनिया की नजर थी क्योंकि जिस तरीके से दोषी महिला एरिन पैटर्सन ने अपने पूर्व पति के माता-पिता की हत्या की थी, उसने पूरी दुनिया को चकित कर दिया था।

**क्या है मामला :** दरअसल एरिन पैटर्सन ने अपने पूर्व पति के माता-पिता समेत तीन लोगों को जहरीली मशरूम खिलाकर मार डाला था। 50 वर्षीय पैटर्सन को जुलाई में हत्या का दोषी करार दिया गया था और अब सोमवार को अदालत ने उसे उम्रकैद की सजा सुनाई। एरिन ने साल 2023 में अपने पूर्व पति के माता-पिता और अंकल-आंटी को अपने घर खाने पर बुलाया था। इस दौरान एरिन ने खाने में जहरीली मशरूम मिला दी, जिसे खाने से तीन लोगों की मौत हो गई। पूरी दुनिया में यह मामला मशरूम मर्डर के नाम से चर्चित हुआ। अभी तक इन हत्याओं के पीछे की वजह पता नहीं है।

**33 साल बाद ही मिल सकेगी एरिन को जमानत :** एरिन का दावा है कि उसने अनजाने में खाने में जहरीली मशरूम मिला दी थी। हालांकि अदालत ने उसके दावे को नहीं माना। जिस वक्त महिला ने अपने पूर्व पति के परिवारवालों को जहरीली मशरूम खिलाकर मारा, उस वक्त उसका अपने पति से झगड़ा चल रहा था और बच्चों के खर्च को लेकर दोनों के बीच विवाद था। अदालत के आदेश के तहत 33 साल बाद ही एरिन को जमानत मिल सकेगी और उस वक्त वह करीब 83 साल की हो जाएगी। इस तरह एरिन की बाकी जिंदगी अब जेल में ही गुजरेगी। हालांकि अभी एरिन के पास सजा के खिलाफ अपील के लिए 28 दिन का समय बाकी है।

## रूस ने कैंसर के इलाज के लिए नई वैक्सीन बनाई, प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स में 100प्रतिशत इफेक्टिव




**मास्को, एजेंसी।** रूस ने कैंसर के इलाज में एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। देश की नई एमआरएनए बेस्ड वैक्सीन एंटरोमिक्स ने प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स में 100प्रतिशत प्रभावशीलता और सुरक्षा दिखाई है।

रूस के नेशनल मेडिकल रिसर्च रेडियोलॉजी सेंटर और रूसी एकेडमी ऑफ साइंस के एंगेलहार्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मॉलिक्यूलर बायोलॉजी ने मिलकर इस वैक्सीन को विकसित किया है। इस वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल्स की शुरुआत 48 वॉलंटियर्स के साथ की गई थी। इन ट्रायल्स की घोषणा सेंट पीटर्सबर्ग इंटरनेशनल इकोनॉमिक फोरम (एसपीआईईएफ2025) में 18 से 21 जून को की गई थी।

**वैक्सीन कैंसर को रोकने में सक्षम :** यह वैक्सीन न केवल कैंसर से लड़ने में सक्षम है, बल्कि भविष्य में कैंसर को रोकने की दिशा में भी एक बड़ा कदम हो सकती है। फेडरल मेडिकल एंड बायोलॉजिकल एजेंसी (एफएमबीए) ने घोषणा की है कि यह वैक्सीन अब क्लिनिकल उपयोग के लिए तैयार है। एफएमबीए की प्रमुख वेरोनिका स्क्वॉर्ट्सोवा के अनुसार, एंटरोमिक्स एक एमआरएनए आधारित वैक्सीन है, जो हर मरीज के लिए उनकी व्यक्तिगत आरएनए के आधार पर खास रूप से तैयार की जाएगी। यह वैक्सीन शरीर के इम्यून सिस्टम को सुधारती है ताकि वह कैंसर कोशिकाओं को पहचान कर उन्हें खत्म कर सके। यह वैक्सीन ट्यूमर को छोटा करने और उनकी वृद्धि को रोकने में बेहद प्रभावी साबित हुई है। खास बात यह है कि इसे बार-बार इस्तेमाल करने पर भी कोई गंभीर साइड इफैक्ट नहीं देखे गए, जो इसे कीमोथेरेपी और रेडिएशन जैसे इलाजों से अलग बनाता है।

**पहली पर्सनलाइज्ड कैंसर वैक्सीन बन सकती है :** एंटरोमिक्स का पहला संस्करण कोलोरेक्टल कैंसर (आंतों का कैंसर) के इलाज के लिए तैयार किया गया है। इसके अलावा, वैज्ञानिक ग्लियोब्लास्टोमा (मस्तिष्क का कैंसर) और मेलेनोमा (त्वचा का कैंसर) के लिए वैक्सीन के अन्य संस्करणों पर काम कर रहे हैं। अब जब क्लिनिकल ट्रायल्स सफलतापूर्वक पूरे हो चुके हैं, वैक्सीन को रेगुलेटरी मंजूरी का इंतजार है। अगर यह मंजूरी मिलती है, तो एंटरोमिक्स दुनिया की पहली पर्सनलाइज्ड एमआरएनए कैंसर वैक्सीन बन सकती है। यह वैक्सीन न केवल रूस बल्कि पूरी दुनिया में हजारों लोगों की जान बचा सकती है और कैंसर के इलाज में एक नया युग शुरू कर सकती है।

## डोनाल्ड ट्रंप की हमास को आखिरी चेतावनी, बोले- अगर बंधकों को नहीं छोड़ा तो हालात और भी ज्यादा खराब होंगे



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को आखिरी चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि अगर इजरायली बंधकों को रिहा नहीं किया गया तो हमास के लिए हालात कठिन और बदतर हो सकते हैं। इतना ही नहीं अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि युद्ध खत्म करने के लिए इजरायल उनकी (ट्रंप की) शर्तों पर राजी हो गया है। अब हमास की बारी है, अमेरिका लगातार हमास के साथ बातचीत कर रहा है। हमास से बंधक बनाए गए सभी लोगों को तुरंत रिहा करने की भी मांग की गई है। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखे अपने पोस्ट में ट्रंप ने हमास को कड़े शब्दों में चेतावनी दी। ट्रंप ने लिखा, हम हमास के साथ बहुत गंभीर स्तर पर बातचीत कर रहे हैं। हमने उनसे कहा है कि सभी बंधकों को अभी रिहा करो... अगर ऐसा नहीं होता है तो उनकी हालत और भी ज्यादा खराब हो जाएगी। यह हमास के लिए मेरी आखिरी चेतावनी थी। इसके बाद दूसरी नहीं होगी। ट्रंप ने बातचीत के बारे में और जानकारी देते हुए कहा कि हमास कुछ ऐसी मांगे कर रहा है, जो कि ठीक नहीं है। हालांकि ट्रंप ने इस मांगों को बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी। गौरतलब है कि ट्रंप का यह बयान अमेरिकी विशेष दूत स्टीव विटकॉफ के उस ऐलान के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि ट्रंप वाइट हाउस में एक बैठक की अगुआई करेंगे ताकि युद्ध के बाद गाजा के मैनेजमेंट के लिए योजना पर चर्चा हो सके। टाइम्स ऑफ इजरायल के मुताबिक विटकॉफ ने पहली बार खुलासा किया था कि अमेरिका के पास युद्ध के बाद की स्थिति के लिए कोई योजना है। उन्होंने कहा,कई लोग देखेंगे कि ये योजना कितनी मजबूत और नेकनीयत से बनाई गई है। यह राष्ट्रपति ट्रंप के मजबूत मानवीय इरादों को दिखाती है। हालांकि विटकॉफ ने इस बारे में ज्यादा कुछ नहीं बताया।

विटकॉफ ने ट्रंप प्रशासन के आधिकारिक रुख को दोहराया कि वे गाजा में बंधकों को लेकर आंशिक समझौतों का विरोध करते हैं। इससे पहले ट्रंप ने भी इस रुख का समर्थन किया था। उन्होंने हमास की ओर से अरब मध्यस्थों के प्रस्ताव को स्वीकार करने के बाद ट्रुथ सोशल पर पोस्ट किया था। इस प्रस्ताव में कहा गया है कि बंधकों को तभी रिहा किया जाएगा जब हमास को पूरी तरह खत्म कर दिया जाएगा।

## जेलों में भुखमरी पर इस्राइल की सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**येरूशलम, एजेंसी।** पश्चिम एशिया में बीते 23 माह से अधिक समय से हिंसक संघर्ष हो रहा है। गाजा पट्टी में रहने वाले लोग भुखमरी और अभूतपूर्व मानवीय संकट का सामना कर रहे हैं। भारी गोलाबारी के बीच फलस्तीनी जनता तक राहत सामग्री पहुंचाने में भी चुनौतियां सामने आ रही हैं। ताजा घटनाक्रम में इस्राइल की सुप्रीम कोर्ट ने रविवार को एक अहम फैसले में कड़ी टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि देश की सरकार ने फलस्तीनी कैदियों को %जीवन-निर्वाह करने के लिए पर्याप्त भोजन उपलब्ध नहीं कराया।% कोर्ट ने पोषण की स्थिति में तत्काल सुधार लाने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को लगभग दो साल से चल रहे युद्ध के दौरान प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के नेतृत्व वाली सरकार की कार्यप्रणाली में दुर्लभ हस्तक्षेप की तरह देखा जा रहा है।

## भारत पर टैरिफ लगाना सही फैसला; जेलेंस्की ने यूएस ऐक्शन को बताया सही, कारण भी गिनाए




**कीव, एजेंसी।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने भारत पर अमेरिका की ओर से टैरिफ लगाए जाने के फैसले को सही करार दिया है। उनका कहना है कि अमेरिका ने रूस को ताकत पहुंचाने वाले देश पर यदि सख्ती की है तो उसमें गलत क्या है। एबीसी न्यूज को दिए इंटरव्यू में जेलेंस्की ने चीन, रूस और भारत के नेताओं के एक मंच पर आने पर भी बात की। उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिकी टैरिफ का फैसला बैकफायर कर गया है क्योंकि मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग एक मंच पर नजर आए हैं और जुगलबंदी दिखी है। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत पर टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला सही है। रूस के साथ कारोबार करने वालों पर पाबंदियां लगाना जरूरी है।

उनसे एक और सवाल पूछा गया कि आपकी मांग है कि रूस पर ज्यादा से ज्यादा पाबंदियां लगें और यूक्रेन को मदद मिले। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं डोनाल्ड ट्रंप सरकार की ओर से उठाए कदमों से खुश हूं। रूस के साथ किसी भी तरह की डील करना सही नहीं है। उस पर पाबंदियों का मैं समर्थन करता हूं। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप जानते हैं कि कैसे व्लादिमीर पुतिन को रोका जा सकता है। व्लादिमीर पुतिन का हथियार यह है कि वह दुनिया के कई देशों को तेल और गैस बेचते हैं। उनकी उस ताकत को छीनना होगा। हमने इस सप्ताह मोदी, पुतिन और शी जिनपिंग के बीच मीटिंग देखी। आपने जब मोदी को वहां देखा तो आपको कैसा लगा? क्या आप मानते हैं कि डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की ओर से टैरिफ लगाने का फैसला बैकफायर कर गया। इस पर जेलेंस्की ने कहा कि मैं मानता हूं कि भारत पर टैरिफ लगाने का अमेरिका का फैसला सही है। रूस के साथ कारोबार करने वालों पर पाबंदियां लगाना जरूरी है। अलास्का समिट के बारे में पूछे जाने पर वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि मैं वहां नहीं था। जेलेंस्की ने कहा कि इस मीटिंग के जरिए ट्रंप ने पुतिन को वह सब दिया, जो वह चाहते थे। रूसी नेता की लंबे समय से इच्छा रही है कि वह अमेरिका के राष्ट्रपति से मिलें।

जेलेंस्की ने कहा कि ट्रंप ने उन्हें यह मौका दिया और रेड कार्पेट बिछा कर दिया। वहीं व्लादिमीर पुतिन के मॉस्को आकर वार्ता करने के ऑफर पर जेलेंस्की ने कहा कि वह भी तो कीव आ सकते हैं। जेलेंस्की ने कहा कि जब मेरा देश मिसाइलों के साये में हो तो उन्हें दागने वालों की राजधानी में ही कैसे जा सकता हूं। जेलेंस्की ने कहा कि उन्हें वार्ता ही करनी थी तो जंग के बीच में क्यों नहीं की, जब हम लगातार ऐसी मांग कर रहे थे। यूक्रेनी नेता ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप से मुझे द्विपक्षीय वार्ता का संकेत मिला था। इस पर मैंने कहा था कि हम कैसी भी वार्ता के लिए तैयार हैं। बस मॉस्को जाकर कोई मीटिंग होगी।

## रूस ने कीव पर दागे ड्रोन और मिसाइलें, कैबिनेट बिल्डिंग से उठा धुआं; हमले में दो की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी युद्ध लगातार बड़ा रूप लेता जा रहा है। इस बीच खबर है कि रूस की ओर से यूक्रेन की राजधानी कीव पर एक बार फिर ड्रोन और मिसाइल दागी गई है। इस हमले में कम से कम दो लोगों के मौत होने की सूचना है। दरअसल, बड़े पैमाने पर रूसी ड्रोन और मिसाइलों ने कीव पर हमला बोला है। इस हमले के बा कीव के कैबिनेट भवन की छत से भी धुआं उठता हुआ देखा गया है। हालांकि, इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है कि ये धुआं हमले के कारण देखने को मिला या किसी और वजह से निकल रहा था। समाचार एजेंसी एपी के अनुसार, कीव के नगर प्रशासन प्रमुख तैमूर तकाचेंको ने बताया कि मृतकों में एक साल का बच्चा भी शामिल है। बच्चे का शव मलबे से निकाला गया है। कीव के मेयर विटालि क्लित्श्को ने बताया कि रूस की ओर से दागे गए ड्रोन का मलबा स्वियातोशिन्स्की जिले के एक आवासीय इमारत और कीव के डार्नितस्की जिले में एक अन्य इमारत पर गिरा। वहीं, इस हमले में 10 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है।

# एशिया कप: भारतीय टीम आज यूएई के खिलाफ बड़ी जीत के इरादे से उतरेगी

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम बुधवार को यहां एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले ही मैच में संयुक्त अरब अमीरात (युएई) के खिलाफ बड़ी जीत से शुरुआत करना चाहेगी। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतर रही भारतीय टीम इस मैच में एक से अधिक ऑलराउंडरों के साथ उतर सकती है। यहां की पिच से स्पिनरों को सहायता की उम्मीद को देखते हुए दो से तीन स्पिनर उतार सकती है। मुख्य कोच गौतम गंभीर के आने के बाद से ही बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनो को ही मजबूत करने के लिए ऑलराउंडरों को प्राथमिकता दी जा रही है। इससे टीम के पास निचले क्रम में भी अच्छे बल्लेबाज उतर रहे हैं। भारतीय टीम यूएई के खिलाफ सही संयोजन उतार कर रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मैच के लिए अच्छी लय हासिल करना चाहेगी। भारतीय टीम के सामने यूएई काफी कमजोर है ऐसे में टीम प्रबंधन इस मैच में नये प्रयोग भी कर सकता है। वहीं दूसरी ओर यूएई के खिलाड़ियों को इस मैच से अच्छा अनुभव हासिल होगा। उसवके खिलाड़ियों के लिए ये बड़ा अवसर होगा। उसके बल्लेबाजों के लिए जसप्रीत बुमराह जैसे तेज गेंदबाज का सामना करना और मजबूत भारतीय बल्लेबाजी क्रम को गेंदबाजी करना बड़ी उपलब्धि होगी। इस मैच में भारतीय टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज की भूमिका जितेश शर्मा को मिलना तय नजर आ रहा है। ऐसे में संजू सैमसन को बाहर बैठना होगा। जितेश को अच्छे फिनिशर होने से भी प्राथमिकता मिलेगी।

### पारी की शुरुआत शुभमन गिल और आभिषेक शर्मा करेंगे

शीर्ष क्रम में उपकप्तान के तौर पर शुभमन की वापसी के बाद से ही सैमसन को जगह मिलना कठिन नजर आ रहा था। वहीं नंबर तीन पर तिलक वर्मा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह इसी नंबर पर उतरेंगे। कप्तान सूर्यकुमार यादव तीसरे या चौथे स्थान पर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं। इसके बाद ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या उतरेंगे। वह एक बेहतरीन तेज गेंदबाज होने के साथ ही अच्छे बल्लेबाज भी हैं। इसके अलावा ऑलराउंडर शिवम दुबे को भी धीमी पिच होने से अवसर




मिल सकता है।

नंबर 7 पर विकेटकीपर बल्लेबाज जितेश उतरेंगे जबकि आठवें नंबर पर स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल उतरेंगे। वह अच्छे स्पिनर होने के साथ ही बेहतरीन बल्लेबाज भी हैं। बुमराह के अलावा बाएं हाथ के टी20 गेंदबाज अर्शदीप सिंह को भी इस मैच में अवसर मिलने जा रहा है। इस मैच में भारतीय टीम स्पिनर के तौर पर

अक्षर पटेल, कुलदीप यादव और वरुण चक्रवर्ती में से दो को उतार सकता है। अगर टीम प्रबंधन अक्षर के साथ अन्य स्पिनर को अंतिम एकादश में रखता है तो उसके पास कुलदीप और वरुण के रूप में दो अच्छे विकल्प हैं। यूएई के लिए यह टूर्नामेंट अपना कौशल दिखाने का एक बेहतरीन अवसर है। वहीं दूसरी ओर मुहम्मद वसीम की कप्तानी वाली यूएई की टीम इस मैच में अपनी ओर से बेहतर प्रदर्शन का प्रयास करेंगी। यूएई की टीम में भारतीय मूल कई खिलाड़ी भी है जो इस मैच में बेहतर प्रदर्शन कर अपनों को साबित करना चाहेंगे। उसके पास अर्यांश शर्मा जैसा खिलाड़ी है जिससे भारतीय टीम को विशेष रुप से सावधान रहना होगा। अर्यांश एक अच्छा बल्लेबाज और गेंदबाज है।

#### दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं

**भारत** = अभिषेक शर्मा, शुबमन गिल (वीसी), तिलक वर्मा, सूर्यकुमार यादव, अक्षर पटेल, हार्दिक पंड्या, संजू सैमसन/जितेश शर्मा, कुलदीप यादव, वरुण चक्रवती, अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह

**यूएई** = मुहम्मद वसीम (कप्तान), अलीशान शराफू, अर्यांश शर्मा, आसिफ खान, ध्रुव पराशर, एथन डिसूजा, हैदर अली, हर्षित कौशिक, जुनैद सिद्दीकी, मतीउल्लाह खान, मुहम्मद फारूक, मुहम्मद जवादुल्लाह, मुहम्मद जोहैब, राहुल चोपड़ा, रोहिद खान, सिमरनजीत सिंह, सगीर खान।

## एशिया कप मैच से पहले ही भारत-पाक के बीच तनाव, प्रेस कॉन्फ्रेंस में दोनों कप्तानों ने नहीं मिलाया हाथ



**दुबई (एजेंसी)।** एशिया क्रिकेट काउंसिल (ACC) ने एशिया कप से पहले मंगलवार को पारंपरिक कप्तानों की प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की, जहां सभी 8 प्रतिभागी टीमों के कप्तान 2025 एशिया कप की शुरुआत से पहले मिले। ज्यादातर सवाल पाकिस्तान के कप्तान सलमान अली आगा और भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव से पूछे गए। हालांकि जिस पल की चर्चा पूरे सोशल मीडिया पर हुई, वह वह था जब दोनों भारतीय और पाकिस्तान के कप्तानों ने एक-दूसरे को नजरअंदाज करते हुए हाथ नहीं मिलाया।

प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म होते ही सलमान अपनी सीट से उठे और हांगकांग तथा ओमान के कप्तानों के साथ मंच से उतर गए। दूसरी ओर सूर्यकुमार अफगानिस्तान, श्रीलंका और बांग्लादेश के कप्तानों के साथ थोड़ी बातचीत के लिए वहीं रुके। सभी ने हाथ मिलाया, गले मिले और फिर मंच से उतर गए।

दिलचस्प बात यह है कि इस साल यह पहली बार नहीं था जब भारतीय खिलाड़ियों का हाथ मिलाना, या हाथ न मिलाना, चर्चा का विषय बना। इससे पहले इसी साल गर्मियों में 5 मैचों की एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे के दौरान इसी तरह के एक वाकये ने सोशल मीडिया पर विशेषज्ञों और प्रशंसकों के बीच काफी बहस छेड़ दी थी।

ओल्ड ट्रैफर्ड में चौथे टेस्ट के दौरान ऐसा ही हुआ, जब इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने ड्रॉ स्वीकार करते हुए भारत के रवींद्र जडेजा और वाशिंगटन सुंदर से हाथ मिलाने की पेशकश की। लेकिन दोनों भारतीय बल्लेबाजों ने इनकार कर दिया और अपने-अपने शतक बनाने के लिए बल्लेबाजी जारी रखी जिसके बाद दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच तीखी बहस हुई। एशिया कप में दोनों कप्तानों के बीच हुई प्रेस कॉन्फ्रेंस की घटना ने उनके मुकाबले से पहले बढ़ते तनाव की कहानी को और हवा दे दी जिससे 14 सितंबर के लिए माहौल तैयार कर दिया। भारत और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का बहु-चर्चित मुकाबला 14 सितम्बर को खेला जाएगा।

## एशिया कप में सही संयोजन तलाशने के साथ ही उपकप्तान शुभमन पर भी रहेंगी नजरें

**मुम्बई (एजेंसी)।** यूएई में आज से शुरु हुए एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट में भारतीय टीम सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में उतरेगी। इस टूर्नामेंट में टीम प्रबंधन की नजरें सही संयोजन तलाशने के साथ ही शुभमन गिल पर भी रहेंगी। इसका कारण है कि शुभमन को इस टूर्नामेंट में उपकप्तानी दी गयी है। इससे साफ संकेत है कि भविष्य में उन्हें इस प्रारुप में भी कप्तानी दी जाएगी। वैसे भी वर्तमान कप्तान सूर्यकुमार 34 साल के हो रहे और ऐसे में प्रबंधन भविष्य के लिए नये कप्तान भी तलाशेगा। सूर्यकुमार का हालांकि कप्तान के तौर पर रिकार्ड शानदार रहा है। उनका जीत का रिकॉर्ड 80 फीसदी है। उनका आक्रामक रुख टीम को आगे बढ़ने प्रेरित करता है। वहीं शुभमन को अचानक उपकप्तान बनाने से साफ है कि उन्हें ही भविष्य में टीम की कमान मिलेगी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उन्हें सभी प्रारुपों के लिए कप्तान बनाना चाहती है। अभी भारतीय टीम सभी प्रारुपों में काफी मजबूत है। वह एक साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तीन-तीन टीम टीमें उतारने में सक्षम है। ऐसे में कप्तानी के लिए अलग-अलग खिलाड़ियों को भी आजमाना जरूरी है। सूर्यकुमार की बढ़ती उम्र को देखते हुए ये जरुरी भी है। अगर शुभमन इस दौरे में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो उनके भविष्य में टी20 कप्तानी बनने की पूरी संभावना है।

## एशिया कप : सभी मैच अबू धाबी में खेलना आदर्श नहीं, मैच से पहले राशिद खान ने शेड्यूल पर उठाए सवाल

**दुबई (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान ने मंगलवार को साफ तौर पर कहा कि हर मैच के दिन दुबई में रहना और लगभग दो घंटे की यात्रा करके अबू धाबी आना उनकी टीम के लिए 'आदर्श' कार्यक्रम नहीं है। इससे भी बड़ी विडंबना यह थी कि राशिद उसी दिन सुबह यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए जब उनकी टीम उसी शाम अबू धाबी में हांगकांग से भिड़ने वाली है।

राशिद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा, 'मुझे नहीं लगता कि यह आदर्श है - यही बात हम पहले भी (दूसरे कप्तानों के साथ) चर्चा कर रहे थे। अबू धाबी में खेलना और तीनों मैच दुबई में ही बिताना... यह अलग बात है। लेकिन पेशेवर क्रिकेटर होने के नाते, हमें इन बातों को स्वीकार करना होगा।' टी20आई में 170 विकेट लेने वाले राशिद ने यह भी कहा कि एक पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर उन्हें शेड्यूल को भूलकर खेल पर ध्यान केंद्रित




करना होता है। अफगानिस्तान के स्पिन ने कहा, 'एक बार जब आप मैदान में उतरते हैं, तो आप बाकी सब कुछ भूल जाते हैं। दूसरे देशों में, हम अक्सर दो-तीन घंटे की उड़ान भरते हैं और सीधे मैच देखने पहुंच जाते हैं। मुझे याद है कि एक बार मैं बांग्लादेश से अमेरिका गया था और सीधे मैच खेला था।'

श्रीलंकाई कप्तान चरित असलांका ने भी शेड्यूल के बारे में बात की, जिससे जिम्बाब्वे के खिलाफ एक कठिन सीरीज के बाद उनकी टीम को आराम करने और स्वस्थ होने का बहुत कम समय मिला है। उन्होंने कहा, 'अभी मुझे बहुत नींद आ रही है। मुझे लगता है कि मुझे कल इसका जवाब देना चाहिए।' असलांका ने कहा, 'नहीं, मेरा मतलब है कि 6 और 7 सितंबर को जिम्बाब्वे में लगातार दो मैच खेलना वाकई मुश्किल है। और फिर सीधे यहां (दुबई) आना। मुझे लगता है कि हमें कुछ दिन की छुट्टी की जरूरत है। मुझे उम्मीद है कि कोच हमें छुट्टी देंगे।' उन्होंने कहा, 'अपनी फिटनेस का ध्यान रखना जरूरी है। हम सभी जानते हैं कि वहां बहुत गर्मी है। मेरे लिए पहले मैच में तरोताजा रहना और अपना पूरा जोर लगाना बहुत जरूरी है।'

## ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाजों की तिकड़ी में अभी काफी क्रिकेट बची है : हेजलवुड



सिडनी। ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने उन अटकलों को खारिज कर दिया है कि आगामी एशेज श्रृंखला में उनकी, पैट कमिंस और मिचेल स्टार्क की खतरनाक तेज गेंदबाजी तिकड़ी आखरी बार एक साथ खेलते हुए दिखेगी। उन्होंने कहा कि तीनों तेज गेंदबाजों में अभी काफी क्रिकेट बची हुई है और वह कम से कम दो साल और खेल सकते हैं। इन तीनों तेज गेंदबाजों की उम्र 35 वर्ष के आसपास है। कमिंस कमर में खिंचाव की चोट से जूझ रहे हैं तथा स्टार्क ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है जिसके कारण माना जा रहा है कि ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाजी इतिहास के एक युग का अंत निकट है। हेजलवुड स्वयं चोटों से जूझ रहे हैं लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों गेंदबाजों में से कोई भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बारे में नहीं सोच रहा है। एसईएन रेडियो ने हेजलवुड के हवाले से कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हम अभी कुछ कहने की स्थिति में हैं। हर कोई टेस्ट क्रिकेट को पसंद करता है और अगले दो वर्ष में काफी टेस्ट मैच खेले जाने हैं।' उन्होंने कहा, 'अभी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का एक और चक्र होना बाकी है। इसलिए केवल एशेज ही नहीं टेस्ट क्रिकेट में अगले दो साल में काफी रोमांचक मैच होने वाले हैं और मुझे लगता है कि हर कोई इनका हिस्सा बनना चाहता है। हमारे पास टेस्ट क्रिकेट को देने के लिए अभी काफी कुछ बचा है।'

## रोहित को अस्पताल में देखकर प्रशंसक हुए चिंतित



मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सोमवार देर रात यहां के कोकिलाबन अस्पताल पहुंचे जिसके बाद से ही प्रशंसक चिंतित को गये हालांकि रोहित के अस्पताल पहुंचने का कारण अभी पता नहीं चला है। इसका एक वीडिया भी सामने आया है। इसमें रोहित टी शर्ट पहने और कैप लगाये अस्पताल के अंदर प्रवेश करते हुए दिखे। वीडियो के सामने आने के बाद प्रशंसकों ने उनके अस्पताल आने के कारणों का पता लगाने का काफी प्रयास किस पर कुछ पता नहीं चला। प्रशंसकों ने हालांकि उनके प्रति समर्थन और शुभकामनाएं जतायीं। गौरतलब है कि रोहित के प्रशंसक उनकी काफी समय से खेल में वापसी की राह देख रहे हैं। रोहित ने पहले ही टेस्ट और टी20 को अलविदा कह दिया था और अब वह केवल एकदिवसीय ही खेलते हैं। आईपीएल 2025 और चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद से ही वह खेल के मैदान से दूर हैं। हाल ही में, रोहित बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में अपने फिटनेस टेस्ट के लिए बेंगलुरु गए थे, जो उन्होंने पास कर लिया था। रोहित की कप्तानी में भारतीय टीम ने चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीता था। उन्होंने इंग्लैंड दौरे से ठीक पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। उन्होंने 67 मैचों में 40.58 की औसत से 4,301 रन बनाए हैं, जिसमें 12 शतक शामिल है। रोहित अब अगले माह ऑस्ट्रेलिया दौरे में ही खेलते दिखेंगे।

## सात्विक-चिराग की जोड़ी के साथ किरण जॉर्ज हांगकांग ओपन में आगे बढ़े

**हांगकांग (एजेंसी)।** सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष जोड़ी ने मंगलवार को यहां हांगकांग ओपन सुपर 500 बैडमिंटन में अपने अभियान का आगाज जीत के साथ किया जबकि किरण जॉर्ज ने क्वालीफाइंग मुकाबला जीतकर पुरुष एकल के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई।

पेरिस विश्व चैंपियनशिप में हाल ही में अपना दूसरा कांस्य पदक जीतने वाली सात्विक और चिराग की जोड़ी पहले दौर के अपने मुकाबले में चीनी ताइपे के चियू शियांग चिए और वांग ची-लिन को 21-13, 18-21, 21-10 से हराया। विश्व रैंकिंग की पूर्व नंबर एक जोड़ी मुकाबले के शुरूआती गेम में अच्छी लय में दिखी लेकिन उन्होंने अपने प्रतिद्वंद्वी को दूसरे गेम में वापसी करने का मौका दे दिया। तीसरे गेम में सात्विक और चिराग ने हालांकि




अपने चिर-परिचित अंदाज में नेट का शानदार इस्तेमाल करते हुए कुछ दमदार स्मैश लगाकर शानदार वापसी की।

आठवीं वरीयता प्राप्त यह जोड़ी अब जापान के केनया मित्सुहाशी और हिरोकी ओकामुरा तथा थाईलैंड के पीरचाई सुखफुन और पक्कापोन टीरारत्सुकुल के बीच होने वाले मैच के विजेता से भिड़ेगी। पुरुष एकल वर्ग में किरण ने क्वालीफायर में लगातार दो जीत हासिल करके मुख्य ड्रॉ में अपनी जगह बनाई। उन्होंने मलेशिया के चियाम जून वेई को 21-14, 21-13 से हराने के बाद हमवतन एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यम को 21-18, 21-14 से मात दी।

शंकर ने इससे पहले शुरुआती मुकाबले में इंग्लैंड के वांग यू हैंग को 21-10, 21-5 से हराया था। विश्व रैंकिंग में 38वें स्थान पर काबिज किरण का अगला मुकाबला सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा। थारुन मन्नेपल्ली ने दिन का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए पूर्व विश्व नंबर 1 किदांबी श्रीकांत को क्वालीफायर के पहले मुकाबले में 28-26, 21-13 से हराकर बाहर का रास्ता दिखा। 20 साल का यह खिलाड़ी हालांकि अपनी लय बरकरार नहीं रख सका और अगले मैच में मलेशिया के चौथे वरीय जस्टिन होह से 21-23, 13-21, 18-21 से हार गया।

## लुइस सुआरेज पर तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध, एक कर्मचारी पर थूकने के कारण एक्शन



न्यूयॉर्क। इंटर मियामी के स्ट्राइकर लुइस सुआरेज पर मेजर लीग सॉकर (ऋऋ) ने तीन मैचों का अतिरिक्त प्रतिबंध लगा दिया है। लीग ने सोमवार को बताया कि लीग कप के फाइनल में सिएटल साउंडर्स के एक कर्मचारी पर थूकने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया है। लीग ने सोमवार को यह जानकारी दी। इस प्रतिबंध के साथ 38 वर्षीय खिलाड़ी की सजा कुल 9 मैचों तक बढ़ गई है। टूर्नामेंट आयोजकों ने सुआरेज पर पहले ही छह मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था, जिससे वह अगले साल होने वाले लीग कप में नहीं खेल पाएंगे। यह नया प्रतिबंध एमएलएस मैचों पर लागू होता है, जिसका अर्थ है कि वह 13 सितंबर को चार्लोट एफसी, 16 सितंबर को सिएटल और 20 सितंबर को डीसी यूनाइटेड के खिलाफ होने वाले लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे। यह विवाद पिछले महीने हुए फाइनल में मियामी की सिएटल से 3-0 की हार के बाद हुआ था। सुआरेज ने ओबेद वर्गास का गला पकड़ लिया था, जिसके बाद सर्जियो बुस्केट्स ने मिडफील्डर की ठोड़ी पर वार किया था। उरुग्वे के इस फारवर्ड को टीम के साथियों ने तब रोका जब वह साउंडर्स के सुरक्षा निदेशक जीन रामिरेज पर थूक रहे थे। बुस्केट्स और टॉमस एविलेस को इस झड़प में हिंसक व्यवहार के लिए क्रमशः दो और तीन मैचों का प्रतिबंध लगाया गया, जबकि साउंडर्स के सहायक कोच स्टीवन लेनहार्ट को पांच मैचों के लिए निलंबित कर दिया गया और शेष सीजन के लिए उनके फील्डिंग अधिकार छीन लिए गए। सुआरेज, जिन्हें पहले काटने और नस्लीय दुर्व्यवहार के लिए निलंबन का सामना करना पड़ा था, ने सोशल मीडिया पर माफी मांगी और अपने कृत्य को हताशा से उपजी एक 'गलती' बताया। उन्होंने लिखा, 'यह वह छवि नहीं है जो मैं अपने परिवार या अपने क्लब के सामने पेश करना चाहता हूं।'

## लेफ्ट-राइट कॉम्बिनेशन में उलझे- पूर्व स्पिनर ने अय्यर की एशिया कप से अंदेखी का कारण बताया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व लेग स्पिनर अमित मिश्रा का मानना है कि श्रेयस अय्यर को भारत की एशिया कप टीम से बाहर करने का फैसला मध्य क्रम में दाएं और बाएं बल्लेबाजों का संयोजन बनाए रखने की रणनीतिक चाल के कारण हुआ। 2024 के लिए BCCI की केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर होने के बाद से श्रेयस ने मैदान पर शानदार प्रदर्शन किया है। अपनी शानदार फॉर्म के दम पर उन्होंने पंजाब किंग्स को IPL 2025 के फाइनल में पहुंचाया, जो पिछले एक दशक में फ्रैंचाइजी का पहला फाइनल था। इस शानदार लीग में 50 से ज्यादा की औसत से 604 रन बनाने के बाद श्रेयस ने 15 सदस्यीय टीम में जगह बनाने के लिए खुद को एक मजबूत दावेदार बना लिया। उन्हें भारतीय टीम से और यहां तक कि यात्रा करने वाले रिजर्व खिलाड़ियों से भी नजरअंदाज कर दिया गया, जिससे प्रशंसकों और पूर्व क्रिकेटरों में आक्रोश फैल गया। जहां पूर्व क्रिकेटरों और प्रशंसकों ने प्रबंधन के चयन पर सवाल उठाए हैं, वहीं मिश्रा ने एक ऐसी रणनीतिक रूपरेखा की पहचान की जिसने अय्यर को टीम में शामिल करने के खिलाफ काम किया। मिश्रा के अनुसार, चूंकि 30 वर्षीय अय्यर तीसरे या चौथे नंबर पर खेलते हैं इसलिए बाएं-दाएं संयोजन बनाए रखने की चाहत अय्यर के खिलाफ गई। मिश्रा ने कहा, 'मुझे लगता है कि श्रेयस तीसरे या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं, टीम प्रबंधन ने सोचा होगा कि बाएं और दाएं हाथ के बल्लेबाजों का संयोजन बेहतर होता। एशिया कप एक लंबा टूर्नामेंट है। मुझे लगता है कि श्रेयस बाएं-दाएं हाथ के बल्लेबाजों के संयोजन में फंस गए।' इस बहुप्रतीक्षित टूर्नामेंट से बाहर होने के बाद भी मिश्रा भविष्य में अय्यर की वापसी को लेकर 100 प्रतिशत आश्वस्त हैं। मिश्रा का मानना है कि ऐसी कई सीरीज हैं जहां अय्यर अपनी क्षमता साबित कर सकते हैं और टीम में अपनी जगह वापस पा सकते हैं। उन्होंने आगे कहा, 'आने वाले समय में कई सीरीज हैं। उनके पास काफी समय है। मुझे 100 प्रतिशत यकीन है कि वह वापसी करेंगे। शायद इसीलिए वह टीम में नहीं हैं। मुझे नहीं लगता कि वह अपनी खराब फॉर्म की वजह से टीम से बाहर हैं।

## मोर्केल ने एशिया कप से पहले कुलदीप की जमकर तारीफ की, कहा- वह एक बहुत ही पेशेवर एथलीट

स्पोर्ट्स डेस्क। टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने एशिया कप 2025 के शुरुआती मैच से पहले कुलदीप यादव की प्रशंसा की। कुलदीप ने पिछले साल टी20 विश्व कप फाइनल के बाद से सबसे छोटे प्रारूप टी20 में मेन इन ब्लू के लिए नहीं खेला। उन्हें आगामी महाद्वीपीय टूर्नामेंट के लिए टीम की 15 सदस्यीय टीम में चुना गया है। बाएं हाथ के स्पिनर को इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए भी टीम में चुना गया था। लेकिन किसी भी मैच में उन्हें प्लेइंग इलेवन में शामिल नहीं किया गया। कुलदीप उम्मीद करेंगे कि एशिया कप में ऐसा न हो खासकर इसलिए क्योंकि टूर्नामेंट यूएई में हो रहा है और वहां की परिस्थितियां तेज गेंदबाजों की तुलना में स्पिनरों के लिए ज्यादा अनुकूल हैं। मोर्केल ने कहा, 'मुझे लगता है कि वह एक बेहद पेशेवर खिलाड़ी हैं। इंग्लैंड में खेलने के बाद से उनका रवैया ऐसा ही है। जहां उन्हें बहुत कम खेलने का मौका मिला और अब भी वह वही खिलाड़ी हैं जो ओवर डालते हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'और मेरे लिए कुलदीप जैसा कि मैंने कहा उसने अपने करियर में बहुत सारे ओवर फेंके हैं। वह जानता है कि टी20 और सीमित ओवरों के क्रिकेट के लिए खुद को तैयार करने के लिए उसे क्या करना है और जैसा कि मैंने कहा हम केवल वही नियंत्रित कर सकते हैं जो हम अभी नियंत्रित कर सकते हैं और वह है जब हम अभी प्रशिक्षण करते हैं और जब हमारे सत्र होते हैं तो यह केंद्रित होता है इसके पीछे एक उद्देश्य होता है और हमारे पास लक्ष्य होते हैं।'

# धोनी के कारण मुझे अलग-अगल भूमिकाएं तलाशनी पड़ीं : कार्तिक

**मुम्बई (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज दिनेश कार्तिक ने कहा है कि महेन्द्र सिंह धोनी के आने के बाद से ही उनके लिए टीम में जगह बनाना कठिन हो गया। इसी कारण उन्हें अलग-अलग भूमिकाओं में उतरना पड़ा। कार्तिक ने साल 2004 में धोनी से तीन माह पहले भारतीय टीम की ओर से पदार्पण किया था पर शुरुआती कुछ मैचों के बाद ही धोनी के टीम के विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह बना ली। जिससे उनके लिए जगह हासिल करना कठिन हो गया था।

हाल ही में एक कार्यक्रम में कार्तिक ने पुरानी बातों को याद कर कहा कि धोनी ने अपने करियर की शुरुआत में अपनी आक्रामक बल्लेबाजी से सभी को प्रभावित किया था। कार्तिक ने कहा, मैंने उन्हें ज्यादा खेलते नहीं देखा था पर केन्या में उस ए सीरीज के दौरान, हर कोई एक खिलाड़ी की चर्चा कर रहा था, क्योंकि वह कुछ नया लेकर आया था। जिस ताकत से वह गेंद को मारता था, लोगों का कहना था कि उन्होंने ऐसा पहले कभी नहीं देखा था। कुछ तो उनकी तुलना गैरी सोबर्स से भी कर रहे थे, जो अपने लंबे छक्कों के लिए जाने जाते थे। तब धोनी की तकनीक बिल्कुल अलग थी और वह गेंद को इतनी जोर से मार रहे थे जितना लोगों ने पहले कभी नहीं देखा था। उस समय यही चर्चा थी।

कार्तिक ने कहा, उस समय भारत राहुल द्रविड़ को विकेटकीपर के विकल्प के रूप में इस्तेमाल कर रहा था। लेकिन द्रविड़ ने बाद में ये भूमिका निभाने से इंकार कर दिया था। उन्होंने कहा, मैं केवल अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान देना चाहता हूं। विकेटकीपिंग करने में मेरा शरीर बहुत मेहनत कर रहा है। इसलिए टीम ने एक अच्छे विकेटकीपर की तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान मुझे विकेटकीपिंग का अवसर मिला पर धोनी के आने के बाद हालात बदल गये। इसके बाद मुख्य विकेटकीपर की जिम्मेदारी उन्हें मिलने लगी। जब वह आए, तो उन्होंने सभी को पूरी तरह से प्रभावित कर दिया। बहुत जल्द, वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में भी छा गये थे।

इस क्रिकेटर ने कहा, जब ऐसा कोई खिलाड़ी सामने आता है, तो आपको स्वयं से पूछना चाहिए कि मैं अपना सर्वश्रेष्ठ रूप सामने लाने के लिए क्या कर सकता हूं? इसलिए मैं अलग- अलग भूमिका में आने लगा। कहीं शुरुआती बल्लेबाज की जगह होती तो मैं उसके लिए पहुंच जाता था। इसी तरह मध्य क्रम में कोई जगह खाली होती, तो मैं वहाँ बल्लेबाजी करने का अनुरोध करता और हमेशा टीम में जगह बनाने के तरीके तलाशता रहा पर मेरे लिए उस जगह को बचाए रखना आसान नहीं था। मैं खुद पर इतना दबाव डालता था कि कई बार, मैं उस जगह के साथ न्याय नहीं कर पाता था जिसकी वास्तव में जरूरत थी।

उन्होंने आगे कहा, उस सफर में जो भी आपके सामने आए, उसके साथ तालमेल बिठाने का महत्व सीखा, लेकिन उससे भी ज्यादा जरूरी, दृढ़ संकल्प और लचीलेपन की जरूरत। मैंने लगातार ऐसे काम किए जो ज्यादातर खिलाड़ियों के लिए असहज थे, जैसे अपने करियर के आखिरी पांच सालों में छठे या सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करना। लेकिन मैंने




उस भूमिका को अपनाया और उसमें सफलता पाने के लिए अपनी खूबियों का इस्तेमाल किया।

# एमआरवीसी ने वंदे मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत 21,000 करोड़ का टेंडर जारी किया

**नई दिल्ली ।**

मुंबई रेलवे विकास निगम (एमआरवीसी) ने मुंबई की उपनगरीय रेल सेवा को आधुनिक बनाने के लिए वंदे मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत 2,856 एसी कोचों की आपूर्ति और रखरखाव के लिए 21,000 करोड़ रुपए का टेंडर जारी किया है। यह परियोजना मुंबई अर्बन ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट (एमयूटीपी) के फेज-3 और फेज-3ए का हिस्सा है, जिसके तहत कुल 238 एसी लोकल ट्रेनें खरीदी जाएंगी। इस ठेके में सिर्फ कोच की सप्लाई ही नहीं, बल्कि 35 साल तक रखरखाव और दो नए डिपो का निर्माण भी शामिल है। टेंडर की शर्तों के अनुसार, यह पूरा ऑर्डर एक ही कंपनी को दिया जा सकता है, जिसे 7.5 साल में डिलीवरी पूरी करनी होगी। यदि दो कंपनियों को ठेका मिलता है, तो डिलीवरी 6.5 साल में करनी होगी, बशर्ते दूसरी कंपनी (एल2) पहली (एल1) की दर पर काम करने को तैयार हो। टेंडर की एक खास बात यह है कि सभी कोच भारत में ही बनने होंगे, जिससे विदेशी कंपनियों की प्रतिस्पर्धा सीमित हो जाती है। ऐसे में अल्सटॉम, बीईएमएल और टिटागढ़ रेल जैसी भारतीय निर्माण कंपनियों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार, यह टेंडर आने वाले वर्षों में कोच निर्माण कंपनियों के लिए ऑर्डर बुक को मजबूत करेगा। टिटागढ़ रेल ने हाल के वर्षों में तकनीक और उत्पादन क्षमता दोनों बढ़ाई हैं, जिससे इसे विशेष लाभ मिल सकता है। निवेशकों के लिए यह सेक्टर फिर से आकर्षक बन रहा है।



## कई नए इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च करेगी महिंद्रा

**नई दिल्ली ।**

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने अपनी इलेक्ट्रिक वाहन रणनीति को और मजबूत करने का ऐलान किया है। महिंद्रा का कहना है कि एक्सईवी आर्किटेक्चर के तहत आने वाले महीनों में कई नए इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च किए जाएंगे। महिंद्रा का फोकस खासकर एसयूवी सेगमेंट पर है, जिसमें कंपनी पहले से ही मजबूत स्थिति रखती है। महिंद्रा ने हाल ही में अपनी कुछ इलेक्ट्रिक एसयूवी के कॉन्सेप्ट पेश किए थे, जिन्हें ग्राहकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कंपनी का मानना है कि भविष्य की ऑटोमोबाइल इंडस्ट्री इलेक्ट्रिक वाहनों पर आधारित होगी और भारत जैसे बड़े बाजार में शुरुआती बढ़त हासिल करना बेहद जरूरी है। कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, आने वाले इलेक्ट्रिक मॉडल्स में बेहतर बैटरी क्षमता, लंबी रेंज और अत्याधुनिक फीचर्स शामिल होंगे। महिंद्रा का दावा है कि उसकी नई ईवी श्रृंखला ग्राहकों को न सिर्फ किफायती विकल्प देगी बल्कि प्रीमियम सेगमेंट में भी चुनौती पेश करेगी। विशेषज्ञों का कहना है कि भारतीय इलेक्ट्रिक वाहन बाजार तेजी से विस्तार कर रहा है और इसमें एसयूवी की मांग सबसे ज्यादा है। ऐसे में महिंद्रा की रणनीति सही दिशा में मानी जा रही है। साथ ही, कंपनी चार्जिंग नेटवर्क और आफ्टर-सेल्स सर्विस को भी मजबूत करने पर ध्यान दे रही है। महिंद्रा पहले से ही सरकार की फेम-2 योजना और विभिन्न राज्य स्तरीय नीतियों का लाभ उठाकर ईवी कारोबार में निवेश कर रही है।



## व्यापारिक तनाव घरेलू मिश्र लौह धातु क्षेत्र के लिए खतराः आईएफएपीए



**नई दिल्ली।**

भारतीय मिश्र लौह धातु उत्पादक संघ (आईएफएपीए) ने वैश्विक स्तर पर बढ़ते व्यापार तनाव को घरेलू मिश्र लौह धातु उद्योग के लिए बड़ा खतरा बताया है। संघ के चेयरमैन ने कहा कि इस चुनौती का सामना करने के लिए सरकार को तुरंत हस्तक्षेप करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी बताया कि इस्पात उद्योग में सिलिको मैंगनीज और फेरो क्रोम जैसे मिश्र लौह धातुओं का उपयोग डीऑक्सीडाइजर और अलॉय एजेंट के रूप में होता है, जो इस्पात की मजबूती, कठोरता और घिसाव प्रतिरोध जैसे गुणों को बेहतर बनाते हैं।

अधिकारी ने बताया कि भारतीय मिश्र लौह धातु उद्योग ने पिछले कुछ वर्षों में अपनी उत्पादन और निर्यात क्षमता में जबरदस्त वृद्धि की है। भारत वर्तमान में मैंगनीज मिश्र लौह धातु का विश्व का सबसे बड़ा निर्यातक है, जबकि फेरो क्रोम का तीसरा सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता भी है। हालांकि, वैश्विक इस्पात उत्पादन में कमी, बढ़ती व्यापार बाधाएं, सुरक्षा उपाय और आगामी कार्बन सीमा कर जैसी नीतियां निर्यात के लिए बड़ी चुनौतियां बनी हुई हैं। बिगमिंट के आंकड़ों के अनुसार, भारत ने वित्त वर्ष 2019-20 में 43 लाख टन मिश्र लौह धातु उत्पादन क्षमता से बढ़कर 31 मार्च 2025 तक यह क्षमता लगभग दोगुनी होकर 80 लाख टन हो गई है। यह वृद्धि उद्योग की ताकत को दर्शाती है, लेकिन वैश्विक परिस्थितियां इस विकास को प्रभावित कर रही हैं।

आईएफएपीए ने सरकार से उम्मीद जताई है कि वह वैश्विक व्यापार तनाव और कार्बन सीमा कर जैसी नीतियों के प्रभाव को कम करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी, ताकि भारतीय मिश्र लौह धातु उद्योग अपनी बढ़ती क्षमता के साथ निर्यात में और मजबूती ला सके।

## भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से उभरता हुआ बाजारः बीवायडी




**नई दिल्ली ।**

भारत इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए तेजी से उभरता हुआ बाजार है और आने वाले समय में यहां अपार संभावनाएं मौजूद हैं। यह कहना है चीन की दिग्गज इलेक्ट्रिक वाहन निर्माता कंपनी बीवायडी का। बीवायडी पहले ही भारत में कुछ प्रीमियम इलेक्ट्रिक मॉडल लॉन्च कर चुकी है और अब उसकी योजना बड़े पैमाने पर उत्पादन और बिक्री बढ़ाने की है। कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि भारत में चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर लगातार सुधर रहा है और सरकार की नीतियाँ भी ईवी सेक्टर को प्रोत्साहित कर रही हैं। ऐसे में यहाँ निवेश और विस्तार के लिए यह सही समय है। विशेषज्ञों का मानना है कि बीवायडी की रणनीति भारतीय ग्राहकों को ज्यादा रेंज और उन्नत फीचर्स वाले वाहन उपलब्ध कराने पर केंद्रित है। कंपनी का फोकस कॉर्पोरेट और फ्लीट ग्राहकों के साथ-साथ व्यक्तिगत उपभोक्ताओं को भी आकर्षित करने पर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बीवायडी अगले कुछ वर्षों में भारत में अपने निर्माण संयंत्रों और डीलर नेटवर्क का विस्तार कर सकती है। कंपनी यह भी मानती है कि भारतीय बाजार में प्रतिस्पर्धा तेज है क्योंकि टाटा मोटर्स, महिंद्रा और हुंडई जैसी घरेलू और विदेशी कंपनियाँ पहले से मजबूत पकड़ बनाए हुए हैं।

फिर भी, बीवायडी को उम्मीद है कि अपनी उन्नत बैटरी तकनीक और वैश्विक अनुभव की मदद से वह भारतीय उपभोक्ताओं के बीच भरोसा कायम कर लेगी। ऑटो विशेषज्ञों का कहना है कि यदि कंपनी सही मूल्य निर्धारण और सर्विस नेटवर्क पर ध्यान देती है, तो वह भारतीय ईवी बाजार में एक अहम खिलाड़ी बन सकती है। बीवायडी ने भारतीय बाजार में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की तैयारी तेज कर दी है।

# सोने और चांदी के बढ़ते दाम......लेकिन कारीगर और कारोबारी परेशान

**मुंबई ।**

भारत में सोने और चांदी के बढ़ते दाम ने सर्राफा बाज़ार में संकट पैदा किया है। जहाँ एक ओर इन धातुओं की कीमत आसमान छू रही है, वहीं दूसरी ओर इसका सीधा असर व्यापारियों और कारीगरों की आजीविका पर पड़ रहा है। बाजार में ग्राहक न के बराबर हैं, जिससे दुकानदारों का कारोबार ठप पड़ गया है। कई व्यापारियों के लिए दुकान का किराया निकालना भी मुश्किल हो रहा है। शादी के मौकों पर भी सोने-चांदी की खरीददारी में भारी गिरावट आई है, क्योंकि लोग महंगाई के कारण कम सामान खरीद रहे हैं या फिर नकली गहनों की ओर रुख कर रहे हैं। व्यापारियों को डर है कि अगर कीमतें इसतरह बढ़ती रहीं, तब स्थिति और भी खराब हो सकती है।

कीमतों में उछाल का सबसे बुरा असर कारीगरों पर पड़ रहा है। काम की कमी के कारण वे बेरोजगार हो रहे हैं और उनके लिए अपने परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल हो गया है। सोने-चांदी के कारोबार पर निर्भर इन कारीगरों के लिए यह स्थिति आर्थिक अनिश्चितता लेकर आई है।

विशेषज्ञों का कहना है कि सोने-चांदी की कीमतों में यह वृद्धि अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में भू-



राजनीतिक अनिश्चितता और केंद्रीय बैंकों द्वारा खरीदारी जैसे वैश्विक कारकों का परिणाम है। जब तक कीमतों में गिरावट नहीं आती, तब तक बाज़ार में सुधार की उम्मीद कम है। व्यापारी और कारीगर दोनों ही बेसब्री से कीमतों के सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं ताकि उनकी आजीविका फिर से पटरी पर आ सके।

## रुपया बढ़त के साथ बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपय मंगरवार को 18 पैसे की बढ़त के साथ ही 88.38 पर बंद हुआ। वहीं वैश्विक बाजार में मंगलवार को सुबह भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 14 पैसे की मजबूती के साथ 87.95 पर पहुंच गया। यह घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख के कारण संभव हुआ। हालांकि, भारत पर अमेरिकी शुल्क लगाने की चिंताएं और वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता रुपये की बढ़त को सीमित कर रही हैं। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा बाजार में रुपया 87.98 पर खुला और फिर 87.95 तक पहुंचा। शुक्रवार को यह अब तक के सबसे निचले स्तर 88.38 तक गिर चुका था। डॉलर सूचकांक में भी 0.05 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की कमजोरी दर्शाता है।



## पेट्रोल-डीजल की कीमतों में मामूली बदलाव

**मुंबई ।** सरकारी तेल कंपनियों ने मंगलवार सुबह पेट्रोल और डीजल के नए रेट घोषित किए। ग्लोबल कच्चे तेल की कीमतों में हल्की गिरावट का घरेलू बाजार पर असर देखने को मिला। गौतमबुद्ध नगर में पेट्रोल 6 पैसे महंगा होकर 94.77 रुपए प्रति लीटर और डीजल 8 पैसे बढ़कर 87.89 रुपए हो गया। गाजियाबाद में पेट्रोल 12 पैसे और डीजल 14 पैसे महंगा हुआ। वहीं हरियाणा के गुरुग्राम में पेट्रोल और डीजल दोनों की कीमतें 8-8 पैसे गिरकर 95.18 रुपए और 87.65 रुपए प्रति लीटर रह गईं। वहीं दिल्ली, मुंबई, चेन्नई और कोलकाता में तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। ब्रेंट क्रूड की कीमत 66.02 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई 62.45 डॉलर प्रति बैरल दर्ज की गई है।

## भारत-जापान डाक नवाचार और डिजिटल सहयोग बढ़ाने पर सहमत

**नई दिल्ली।** भारत और जापान ने डाक क्षेत्र में नवाचार और डिजिटल सहयोग को बढ़ावा देने के लिए सहयोग पर सहमति व्यक्त की है। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने 28वें यूनिवर्सल पोस्टल कांग्रेस के दौरान जापान के आंतरिक मामलों और संचार राज्य मंत्री मसाशी अदाची के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य डाक सेवा में नई तकनीकों और डिजिटल नवाचारों को अपनाकर सेवाओं को बेहतर बनाना था। दोनों पक्षों ने भारतीय डाक और जापान डाक के बीच सहयोग की विस्तृत रूपरेखा तैयार की। इस सहयोग से डाक सेवाओं का आधुनिकीकरण और डिजिटल रूपांतरण होगा, जिससे ग्राहकों को तेजी और सुविधा मिलेगी। यह पहल दोनों देशों के डाक सेवाओं को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने में मददगार साबित होगी।

## सुमितोमो मित्सुई कोटक बैंक में हिस्सेदारी बेचकर यस बैंक में करेगा निवेश

**नई दिल्ली ।** जापान की प्रमुख वित्तीय संस्था सुमितोमो मित्सुई बैंकिंग कॉरपोरेशन (एसएमबीसी) जल्द ही कोटक महिंद्रा बैंक में अपनी पूरी 1.65 फीसदी हिस्सेदारी ब्लॉक डील के जरिए बेचने जा रही है। इस डील से एसएमबीसी को लगभग 6,000 करोड़ रुपए जुटाने की उम्मीद है। खबर है कि एसएमबीसी करीब 3.28 करोड़ शेयर प्राइवेट निवेशकों को बेचेगा। इसके लिए कई ब्रोकरेज फर्मों ने विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफआईआई) और म्यूचुअल फंड्स से संपर्क किया है। एसएमबीसी इस राशि का उपयोग यस बैंक में हिस्सेदारी खरीदने के लिए करेगी। अगस्त में एसएमबीसी को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) से यस बैंक में 24.99 फीसदी हिस्सेदारी खरीदने की मंजूरी मिल चुकी है। हालांकि आरबीआई ने यह स्पष्ट किया है कि एसएमबीसी को इस लेनदेन के बाद भी यस बैंक का प्रवर्तक (नहीं माना जाएगा, जब तक अन्य नियामकीय मंजूरियां प्राप्त नहीं होतीं।

## गौतम सोलर मप्र में 4,000 करोड़ से लगाएगी सोलर सेल निर्माण संयंत्र

**नई दिल्ली ।** गौतम सोलर प्राइवेट लिमिटेड (जीएसपीएल) ने ग्वालियर में 54 एकड़ भूमि पर 4,000 करोड़ रुपये के निवेश से आधुनिक सोलर सेल निर्माण संयंत्र लगाने की घोषणा की है। यह संयंत्र टॉपकॉन तकनीक पर आधारित होगा, जो सोलर सेल की दक्षता और उत्पादन क्षमता बढ़ाने में मदद करता है। संयंत्र की कुल उत्पादन क्षमता 5 गीगावॉट (5000 मेगावाट) होगी, जिससे देश की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। यह परियोजना न केवल स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देगी, बल्कि स्थानीय रोजगार के अवसर भी सृजित करेगी, जिससे आर्थिक विकास को मजबूती मिलेगी।

## जीएसटी दरों में कटौती लागू करने पर मंथन

### इंटर-मिनिस्ट्रियल मीटिंग में आईटीसी और इनवर्टेड ड्यूटी पर चर्चा




**नई दिल्ली ।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की नई दरें 22 सितंबर से लागू की जाएंगी। इससे पहले कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन की अध्यक्षता में हुई अंतर-मंत्रालयी बैठक में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने नई व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं और उनके समाधान पर व्यापक चर्चा की। बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि अप्रयुक्त आईटीसी का उपयोग राज्य जीएसटी (एसजीएसटी) के भुगतान के लिए किया जा सके, जिससे कंपनियों की कार्यशील पूंजी को राहत मिले। वर्तमान में, कानून के अनुसार केंद्रीय और राज्य जीएसटी को आपस में समायोजित करना संभव नहीं है, जिससे अप्रयुक्त आईटीसी रिफंड और उपयोग में बाधा आती है। विशेषज्ञों ने इस मुद्दे पर जल्द समाधान की आवश्यकता जताई है ताकि कर कटौती का लाभ सीधे ग्राहकों तक पहुंचे। जीएसटी दर कटौती के बाद कुछ इनपुट पर 18 फीसदी और उत्पादों पर 5 फीसदी कर लगेगा, जिससे व्युत्क्रम शुल्क का व्यापक प्रभाव होगा। इस व्यवस्था के कारण आईटीसी का बड़ा हिस्सा बिना उपयोग के रह सकता है, जिससे छोटे और बड़े व्यवसायों की पूंजी प्रभावित होगी। कई मंत्रालयों ने इसे प्रमुख समस्या के रूप में उठाया है। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि सीमा शुल्क की भरपाई जीएसटी क्रेडिट से नहीं की जा सकती क्योंकि यह एक अलग कानून के अंतर्गत आता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

### सेंसेक्स 314 , निफ्टी 95 अंक ऊपर आया

**मुंबई ।**

भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को तेजी के साथ बंद हुआ। सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही आईटी शेयरों में खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 314.02 अंक बढ़कर 81,101.32 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 95.45 अंक ऊपर आकर 24,868.60 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान निफ्टी आईटी इंडेक्स 2.76 फीसदी बढ़कर बंद हुआ। इसके अलावा निफ्टी फार्मा (0.86 फीसदी), निफ्टी एफएमसीजी (0.58 फीसदी), निफ्टी प्राइवेट बैंक (0.13 फीसदी) और निफ्टी हेल्थकेयर (0.77 फीसदी) की बढ़त के साथ बंद हुआ।

वहीं दूसरी ओर निफ्टी पीएसयू बैंक (0.14 फीसदी), निफ्टी रियल्टी (0.30 फीसदी), निफ्टी एनर्जी (0.12 फीसदी) और निफ्टी पीएसई (0.19 फीसदी) गिरावट पर बंद हुआ।




सेंसेक्स के शेयरों में इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक, टीसीएस, सन फार्मा, बजाज फिनसर्व, एचयूएल, आईटीसी, कोटक महिंद्रा बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही जबकि एसबीआई, ट्रेंट, अल्ट्राटेक सीमेंट, एनटीपीसी, टाइटन, टाटा मोटर्स, एक्सिस बैंक, एमएंडएम के शेयर सबसे अधिक गिरे।

लार्जकैप के साथ ही आज मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 103.20 अंक करीब 0.18 फीसदी की तेजी के साथ 57,464.35 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 59.95 अंक या 0.34 फीसदी की तेजी के साथ 17,744.30 पर था।

इससे पहले आज सुबह बाजार मजबूती के साथ खुले। बीएसई सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 333 अंकों की बढ़त के साथ 81,121 पर पहुंच गया, जबकि निफ्टी50 81 अंकों की तेजी के साथ 24,855 पर ट्रेड करता नजर आया। वैश्विक बाजारों में भी मिश्रित रुख रहा। जापान का निक्केई 225 इंडेक्स 0.9 फीसदी की बढ़त के साथ रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। अमेरिका में टेक शेयरों की अगुवाई में नैस्डैक ने नया रिकॉर्ड बनाया। निवेशकों को उम्मीद है कि फेडरल रिजर्व आगामी बैठक में ब्याज दरों में कमी कर सकता है।

# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास प्रॉपर्टी महंगी होगी, नए नियम लागू

### - एयरपोर्ट के 20 किमी के दायरे में निर्माण के लिए जरूरी होगी एएआई की मंजूरी

**मुंबई ।**

नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट (जेवर एयरपोर्ट) के आसपास जमीन और फ्लैट की कीमतों में तेजी आने वाली है। यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने नया नियम लागू किया है जिसके तहत एयरपोर्ट के 20 किलोमीटर के दायरे में किसी भी नई इमारत का निर्माण करने से पहले एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफइंडिया (एएआई) से मंजूरी लेना अनिवार्य होगा। अगर बिल्डिंग का नक्शा एएआई के दिशानिर्देशों के अनुरूप नहीं होगा, तो मंजूरी नहीं दी जाएगी। यह नियम हवाई जहाजों की सुरक्षा और हवाई पट्टी की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बनाया गया है। यमुना एक्सप्रेसवे प्राधिकरण के एक प्रमुख अधिकारी ने बताया कि एएआई ने एक खास कलर-कोडेड जोनिंग मैप तैयार किया है, जिसमें एयरपोर्ट के आसपास कितनी ऊंचाई तक इमारतें बन सकती हैं, यह तय होगा। इस पूरे इलाके का सर्वे एक्सपर्ट कंसल्टेंट की मदद से किया जाएगा ताकि नियमों का कड़ाई से पालन हो सके।




इस नियम के बाद एयरपोर्ट के आसपास नई इमारतों का निर्माण कम होगा, जिससे प्रॉपर्टी की सप्लाई घटेगी। जबकि मांग पहले से ज्यादा है, खासकर नौकरियों, बिजनेस और कनेक्टिविटी के कारण। सप्लाई कम और मांग ज्यादा होने से जमीन और फ्लैट की कीमतें बढ़ेंगी। जो पहले से जमीन या फ्लैट के मालिक हैं, उन्हें फायदा होगा।

## वेदांता ने ईवी क्षेत्र के लिए धातु उत्पादन बढ़ाने 12,500 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली ।**

वेदांता लिमिटेड ने देश के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) क्षेत्र की तेजी से बढ़ती मांग को देखते हुए धातु विनिर्माण में 12,500 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया है। कंपनी ने खासतौर पर एल्युमीनियम, जस्ता, मिश्रधातु, तांबा, इस्पात, निकेल और फेरोक्रोम जैसे महत्वपूर्ण धातुओं के उत्पादन को बढ़ावा देने पर जोर दिया है। इस निवेश के तहत एल्युमीनियम स्मेल्टर की क्षमता बढ़ाने, जस्ता मिश्रधातु संयंत्र स्थापित करने, जस्ता उत्पादन के लिए रोस्टर लगाने और फेरोक्रोम उत्पादन क्षमता बढ़ाने जैसे कई अहम कदम उठाए गए हैं। वेदांता के एल्युमीनियम उत्पाद इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए विशेष महत्व रखते हैं। कंपनी फाउंड्री मिश्रधातु, बैटरी केसिंग, हीटिंग-वेंटिलेशन-एयर कंडीशनिंग (एचवीएसी) सिस्टम और ईवी फ्रेम जैसे उत्पाद बनाती है। एल्युमीनियम का उपयोग बैटरी के वजन को कम करके वाहन की ड्राइविंग रेंज बढ़ाने में मदद करता है, जिससे वाहन की कुल लागत भी घटती है। इसके अलावा वेदांता का एल्युमीनियम दुर्घटना-रोधी मिश्रधातुओं और ऊर्जा भंडारण समाधानों में भी सफलता के लिए परीक्षणाधीन है। इस निवेश से देश के इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र को जरूरी कच्चे माल की आपूर्ति मजबूत होगी, जिससे ईवी निर्माण और विकास को तेजी मिलेगी।



# विद्युत जामवाल की हॉलीवुड डेब्यू फिल्म की शुरू हुई शूटिंग, निभाएंगे यह किरदार

बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल इन दिनों अपनी अपकमिंग हॉलीवुड फिल्म स्ट्रीट फाइटर को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है और आधिकारिक तौर से विद्युत जामवाल इस फिल्म से जुड़ चुके हैं। मशहूर वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित इस फिल्म में कई मशहूर हॉलीवुड सितारों सहित एक बड़ी टीम शामिल है।

आधिकारिक तौर से फिल्म से जुड़े विद्युत पैरामाउंट पिक्चर्स ने लीजेंडरी एंटरटेनमेंट और कैपकॉम के साथ मिलकर शुक्रवार को फिल्म के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर पूरी कास्ट का खुलासा किया। प्रोडक्शन हाउस ने पोस्ट में लिखा अखाड़े में राज बहुत देर तक राज नहीं रहते। स्ट्रीट फाइटर की शूटिंग शुरू हो चुकी है। यह फिल्म 16 अक्टूबर 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। टूर्नामेंट शुरू हो गया है! पोस्ट में सभी कलाकारों के नाम के साथ विद्युत जामवाल का भी नाम है।

### विद्युत जामवाल का किरदार

मार्शल आर्ट के लिए मशहूर विद्युत जामवाल को स्ट्रीट फाइटर की दुनिया में एकमात्र भारतीय किरदार, धालसिम की भूमिका के लिए चुना गया है। धालसिम एक योगी है, जिसके पास आग उगलने की क्षमता है। वह मूल रूप से एक शांत व्यक्ति है, जो अपने परिवार का पालन–पोषण करने में लगा है। 16 अक्टूबर 2026 को रिलीज होने वाली इस फिल्म से विद्युत जामवाल हॉलीवुड डेब्यू करेंगे।

### फिल्म की स्टारकास्ट

फिल्म स्ट्रीट फाइटर में विद्युत जामवाल के अलावा एंड्रयू कोजी, नोआ सेंटीनो, जेसन मोमोआ, कैलिना लियांग, रोमन रेन्स, ऑरविल पेक, कोडी रोड्स, एंड्रयू शुल्ज, जैक्सन और डेविड डस्टमलचियन जैसे कलाकार होंगे। फिल्म का निर्देशन फिल्म निर्माता किताओ सकुराई कर रहे हैं।

### विद्युत जामवाल का काम

विद्युत जामवाल कमांडो और खुदा हाफिज जैसी एक्शन फिल्मों में मुख्य भूमिका निभा चुके हैं। वह आखिरी बार साल 2024 में आई फिल्म क्रैक में नजर आए थे। हालांकि यह फिल्म बहुत अच्छा नहीं कर पाई थी। विद्युत जामवाल अपने जबरदस्त एक्शन के लिए जाने जाते हैं।



# ‘द बंगाल फाइल्स’ में सिमरत कौर की दमदार एक्टिंग

**विवेक अग्निहोत्री के निर्देशन में बनी द बंगाल फाइल्स सिनेमाघरों में रिलीज हो गई। फिल्म को यूजर्स द्वारा शानदार प्रतिक्रियाएं मिल रही हैं। हालांकि, दर्शकों का सबसे ज्यादा अगर कोई ध्यान खींच रहा है, तो वो हैं सिमरत कौर रंधावा, जो फिल्म में भारती बनर्जी का किरदार निभा रही हैं। अब हर कोई जानना चाह रहा है कि आखिर कौन हैं सिमरत कौर।**

### पंजाब से आती हैं सिमरत कौर

सिमरत कौर रंधावा का जन्म मुंबई के एक सिख परिवार में हुआ था। कंप्यूटर साइंस में स्नातक करने के बाद सिमरत ने अभिनय की तरफ रुख किया और कॉलेज के दिनों से ही एक्टिंग के कार्यक्रमों में भाग लेने लगीं।

### अभिनय करियर की शुरुआत

सिमरत कौर ने अपने करियर की शुरुआत तेलुगु फिल्म से की थी। उनकी पहली फिल्म का नाम था ‘प्रेमथो मी कार्तिक’, जो एक रोमांटिक–ड्रामा फिल्म थी। इसके बाद सिमरत ने कई तेलुगु फिल्मों में अभिनय किया जिनमें ‘परिचयम’, ‘डर्टी हरि’ और ‘बंगराजुम’ शामिल हैं।

### म्यूजिक वीडियोज में भी आईं नजर

तेलुगु फिल्मों के अलावा सिमरत कौर पंजाबी म्यूजिक वीडियोज में भी दिखाई दे चुकी हैं, जिनमें हिम्मत संधू द्वारा गाया गया ‘बुर्ज खलीफा’ और लारा लप्पा, जीजी सिंह की ‘लोफर’ और मीका सिंह के ‘तेरे बिन जिंदगी’ जैसे गानें शामिल हैं।

### द बंगाल फाइल्स से फिर आईं चर्चा में




सिमरत कौर इस समय द बंगाल फाइल्स में नजर आ रही हैं, जो 5 सितंबर को रिलीज हुई। इस फिल्म में अनुपम खेर, मिथुन चक्रवर्ती, पल्लवी जोशी जैसे किरदार नजर आ रहे हैं।

### ‘गदर 2’ से खींचा सबका ध्यान

तेलुगु, पंजाबी के अलावा अभिनेत्री ने बॉलीवुड फिल्मों में भी काम किया है। सिमरत कौर ने 2023 में रिलीज हुई फिल्म गदर 2 में उत्कर्ष शर्मा की पत्नी और सनी देओल की बहू मुस्कान की भूमिका निभाई थी। इसने भी उन्हें पहचान दिलाई थी। इस फिल्म के बाद एक्ट्रेस ने वनवास में अभिनय किया, जिसमें नाना पाटेकर मुख्य भूमिका में थे, उनके साथ राजपाल यादव, खुशबू सुंदर और अश्विनी कालसेकर भी थीं।



# तेजा सज्जा की फिल्म मिराय को लेकर करण जौहर ने किया खास पोस्ट

बॉलीवुड निर्माता और निर्देशक करण जौहर ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तेजा सज्जा के साथ कई शानदार तस्वीरें शेयर कीं। इसके साथ ही करण ने फिल्म मिराय को लेकर बताया कि उन्हें इस फिल्म को प्रस्तुत करते हुए बहुत गर्व और सम्मान महसूस हो रहा है।

करण जौहर और तेजा सज्जा करण जौहर ने इंस्टाग्राम पर तेजा सज्जा की आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म मिराय को लेकर एक खास पोस्ट शेयर किया है। इन तस्वीरों में तेजा और करण साथ में पोज देते नजर आ रहे हैं। करण ने इन शानदार तस्वीरों के साथ कैप्शन में लिखा, ऐसी फिल्में सिर्फ सेट और लोकेशन से नहीं बनतीं। अक्सर ये एक नजरिए, जुनून और पूरी दुनिया का मनोरंजन करने की अदम्य चाहत से बनती हैं। बिना ज्यादा कहे भी बहुत कुछ कह जाती हैं।

### मिराय को लेकर करण जौहर की राय



करण ने आगे लिखा, मिराय एक ऐसी फिल्म है, जिसने मुझे बेहद मंत्रमुग्ध कर दिया है और इसे प्रस्तुत करते हुए मुझे बहुत गर्व और सम्मान का अनुभव हो रहा है। आगे करण जौहर ने लिखा, मिराय 12 सितंबर को दुनिया भर में रिलीज हो रही है और उत्तर भारत में इसे धर्मा प्रोडक्शन रिलीज कर रहा है।

### फिल्म मिराय के बारे में

मिराय में तेजा सज्जा मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में तेजा के साथ श्रिया सरन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगी। श्रिया सरन फिल्म ‘मिराय’ में अंबिका के किरदार में नजर आएंगी। फिल्म ‘मिराय’ को कार्तिक गट्टमनेनी ने डायरेक्ट किया है।




# वैश्विक मंच पर भूमि पेडनेकर ने किया भारत का प्रतिनिधित्व



भारतीय सिनेमा की जानी–मानी अभिनेत्री भूमि पेडनेकर अक्सर सामाजिक मुद्दों पर अपनी राय रखते हुए नजर आती हैं। सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर मुखर रहने वाली भूमि अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आईं। स्विट्जरलैंड में आयोजित यंग ग्लोबल लीडर्स समिट 2025 में हिस्सा लेने वाली वो पहली भारतीय अभिनेत्री बन गई हैं। ये आयोजन विश्व आर्थिक मंच के तत्वावधान में हुआ, जहां दुनिया के अलग–अलग क्षेत्रों से आए युवा लीडर्स ने वैश्विक चुनौतियों और बदलाव की दिशा में अपने विचार शेयर किए।

### भूमि ने भारत का किया प्रतिनिधित्व


भूमि पेडनेकर के करियर को अगर देखें तो उन्होंने हमेशा अपने काम से हटकर भी समाज के लिए योगदान दिया है। फिल्मों में सशक्त किरदार निभाने के अलावा वो लगातार पर्यावरण को लेकर सक्रिय रही हैं। जिनेवा के इस मंच पर उनकी मौजूदगी भारतीय फिल्म जगत के लिए गौरव की बात रही। भूमि ने सोशल मीडिया पर भी अपनी झलकियां साझा कीं, जिनमें वो इस प्रतिष्ठित सम्मेलन का हिस्सा बनती दिखीं। भूमि को लंबे समय से क्लाइमेट वॉरियर कहा जाता है। उन्होंने कई बार टिकाऊ जीवनशैली, नवीकरणीय ऊर्जा और पर्यावरण संरक्षण पर जोर दिया है। हाल ही में दिल्ली में हुए आई क्लाइमेट समिट 2025 में उन्होंने पॉप कल्चर और जलवायु परिवर्तन को जोड़ते हुए कहा था कि फिल्मों और कला के जरिए जागरूकता पैदा करना बेहद जरूरी है। उनका मानना है कि जब तक लोकप्रिय संस्कृति में बदलाव नहीं आएगा, तब तक समाज पर स्थायी असर डालना मुश्किल है।

### पॉप कल्चर से बदलाव की कोशिश

भूमि का कहना है कि फिल्मों के पात्रों और कहानियों में भी यह दिखना चाहिए कि व पर्यावरण के प्रति जिम्मेदार जीवन जी रहे हैं। उनका विश्वास है कि अगर सिनेमा में बदलाव लाया जाए तो उसका असर आम लोगों की सोच पर पड़ेगा। इसी सोच के चलते उन्होंने क्लाइमेट वॉरियर पहल शुरू की थी, जो आज एक आंदोलन का रूप ले रही है।

### भूमि पेडनेकर का वर्कफ्रंट

भूमि के करियर वर्कफ्रंट की बात करें तो उन्होंने बॉलीवुड में आयुष्मान खुराना के साथ फिल्म दम लगाके हईशा के साथ शुरआत की थी। उनकी हालिया कुछ फिल्मों में भीड़ (2023), अफवाह, भक्षक और द लेडी किलर शामिल है।



# अच्छे एक्टर्स को सराहा जाना जरूरी, लोग अब मुझे झेंडे काका बोलना शुरू कर देंगे

मनोज बाजपेयी इस वक्त अपनी नई फिल्म इंस्पेक्टर झेंडे को लेकर चर्चा में हैं, जो ह्रअ्र प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है। फिल्म के साथ–साथ मनोज बाजपेयी की एक्टिंग की भी खूब तारीफ हो रही है। वह जल्द ही राम गोपाल वर्मा की पुलिस स्टेशन में भूत और शेखर कपूर की मासूम 2 में भी नजर आएंगे।

**सत्या का भीखू म्हात्रे आपके लिए टर्निंग पॉइंट रहा, अब आप 30 साल बाद दोबारा राम गोपाल वर्मा के साथ फिल्म पुलिस स्टेशन में भूत कर रहे हैं। ये करिश्मा कैसे हुआ?**

असल में, सत्या के री रिलीज होने के बाद एक दिन रामू जी (राम गोपाल वर्मा) का मैसेज आया कि सत्या ने मुझे इतना प्रेरित किया कि मुझे फिर वैसी फिल्म बनानी है। कुछ दिन बाद उन्होंने एक कहानी भेजी, जो बहुत ही आउट ऑफ बॉक्स और क्रेजी थी। वह हॉरर कॉमेडी जॉनर में थी, जो मैंने कभी छुआ नहीं था तो मेरे लिए यह एक बहुत बड़ा मौका था, एक अपने मेंटॉर के साथ काम करने का और दूसरे हॉरर कॉमेडी जॉनर में हाथ आजमाने का, तो मैंने कर लिया।

**राम गोपाल वर्मा पिछले कई सालों से जैसी फिल्में बना रहे हैं, आपको लगता है कि उनके भीतर का फिल्ममेकर अभी बचा है?**

बचा ही नहीं, बहुत ज्यादा है। अभी आप उनसे मिलेंगी तो आपको भी अंदाजा हो जाएगा। जिस राम गोपाल वर्मा की आप बात कर रही हैं, वो आप 12–14 साल की कर रही हैं और हर आदमी के जीवन में कुछ साल ढलान आता है। रामू जी ने भी वह उतार देखा, पर आज लगता ही नहीं है कि वह इधर के 14 साल वाले रामू हैं। मुझे वो भीखू म्हात्रे वाले दौर के रामू लगे। वही आग, वही जुनून। हमारा एक शेड्यूल खत्म हो गया और उनकी काबिलियत देखकर मैं दंग रह गया। आज की तारीख वह आदमी सिर्फ फिल्म और शॉट के बारे में ही सोच रहा है। उनके सोशल मीडिया एक्स पर जाइए, तो कई महीने के बाद उन्होंने स्ट्रे डॉग्स को लेकर अपनी राय दी थी, वरना ङ्ग से भी वह अब गायब ही रहते हैं।

**शूल और भोसले में पुलिस की यादगार भूमिका करने के बाद इंस्पेक्टर झेंडे को नया रंग देने के लिए मशक्कत करनी पड़ी?**

बिल्कुल मेहनत लगी। इस तक पहुंचने में हमको काफी समय लगा। शूटिंग से पहले 15–20 दिन रीडिंग और कई तरह की तैयारी की। लेकिन आप जिन फिल्मों का जिक्र कर रही हैं, इसकी दुनिया उनसे एकदम ही अलग है। इसका समय, परिस्थिति, यह इंसान बिल्कुल अलग है। मैंने अब तक जो भी किरदार किए हैं, मधुकर झेंडे उससे पूरा उलटा है।

**आपकी सीरीज द फैमिली मैन का तीसरा सीजन भी आने वाला है, जिसमें अबकी जयदीप अहलावत भी दिखेंगे। आप लोगों की बॉन्डिंग कितनी मजबूत हुई?**

जयदीप अहलावत बहुत ही होनहार एक्टर हैं। पाताल लोक में उन्होंने बहुत ही अच्छा काम किया था। वो हों, विजय वर्मा हों या सनी हिंदुजा, ये एक्टर जब भी कुछ अच्छा काम करते हैं तो मेरी उनसे बात होती है। इनका काम मुझे काफी पसंद आता है और मेरा मानना है कि एक अच्छे एक्टर्स को फोन करके बोलना कि तुमने अच्छा काम किया, यह बहुत जरूरी है। ये इंडस्ट्री के वो होनहार और काबिल एक्टर्स हैं, जो इंडस्ट्री की दशा और दिशा बदलेंगे और जयदीप में वो काबिलियत है।

**इंस्पेक्टर झेंडे इंटरनैशनल किलर चार्ल्स शोभराज को दो बार पकड़ने वाले मधुकर झेंडे की बायोपिक है। ऐसी फिल्मों में अक्सर बैड बॉयज नायक से ज्यादा चर्चा पा जाते हैं?**

मैं इससे बिल्कुल सहमत नहीं हूं। वो आकर्षक तो होते हैं और फिल्म में इस रोल में जिम सर्भ ने अद्भुत काम किया है, मगर यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप एक किरदार को कैसे निभाते हैं। मुझे लगता है कि इंस्पेक्टर झेंडे देखने के बाद लोग मुझे झेंडे काका बोलना शुरू कर देंगे। जैसे, द फैमिली मैन का श्रीकांत है, उसका नाम भी तो सबके दिल और जुबान पर चढ़ा तो पॉजिटिव किरदार भी अगर राइटर अच्छे से लिखे, डायरेक्टर अच्छे से डायरेक्ट करे और एक्टर अच्छे से परफॉर्म करे तो वे उतने ही आकर्षक लगेंगे, जितने कि बैड बॉयज।

**आप शेखर कपूर की कल्ट फिल्म मासूम का सीक्वल भी कर रहे हैं। आपको लगता है ऐसी आइकॉनिक फिल्मों को छेड़ा जाना चाहिए?**

अब वो तो शेखर कपूर की ही फिल्म है। उन्हीं की कृति है और वही दोबारा बना रहे हैं तो वह जैसे चाहे, बनाएं। मैंने अपनी पहली फिल्म (बैंडिट क्वीन) उनके साथ की है। जब मैं थिएटर में काम कर रहा था, तब उन्होंने मुझे कास्ट किया था तो उन्होंने कहा कि इसमें एक किरदार करना है तो मैंने बोला, बिल्कुल सर, आप जब बोलेंगे मैं आ जाऊंगा, लेकिन यह बातचीत वहीं तक है। अभी उससे आगे बात नहीं हुई है।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, राजेश चौधरी द्वारा वत्स ऑफसैट, मुद्दा हाउस, सी. ब्लॉक, बारात घर के सामने, सेक्टर-22, नोएडा से मुद्रित तथा ई-189, सेक्टर-63, नोएडा गौतमबुद्धनगर उ.प्र. से प्रकाशित।
संपादकः जितेन्द्र चौधरी, आरएनआई नं. UPHIN/2014/55236, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, फोन नं.: 9999511233, ई-मेल : vishalindianews@gmail.com, वेब : www.vishalindia.in